CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 246 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 | 25 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिसीमन, महिला आरक्षण को लेकर सोनिया गांधी ने सरकार पर साधा निशाना पेज 2



आईपीएल 2026: बेहतरीन प्रदर्शन से पर्पल कैप पर प्रसिद्ध कृष्णा का कब्जा खेल टाइम्स



आखिर सुनी गई आधी आबादी की आवाज सम्पादकीय



ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा: स्टार्मर पेज 12

# खाड़ी से ओमान तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा

## अमेरिका के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के ऐलान की धमकी पर ईरान ने किया पलटवार

तेहरान, वार्ता

**ईरान- अमेरिका** के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है। इसके जवाब में ईरान ने सख्त चेतावनी दी। ईरान की सेना ने कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी से लेकर ओमान सागर तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इस बयान के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

अमेरिका ने साफ किया है कि वह तय समय से ईरान के सभी बंदरगाहों पर आने-जाने वाले जहाजों को रोकने की कार्रवाई शुरू करेगा। यह फैसला उस समय लिया गया है जब दोनों देशों के बीच पाकिस्तान में हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। अमेरिका का कहना है कि यह कदम ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। वहीं, ईरान ने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया और कहा कि ये तो समुद्री डकैती के बराबर है। ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड ने साफ कहा है कि समुद्री सुरक्षा सभी के लिए समान होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान के बंदरगाहों को खतरा हुआ, तो पूरे क्षेत्र में किसी भी देश का बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने यह भी संकेत दिया है कि किसी भी सैन्य जहाज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार यह नाकेबंदी सभी देशों के जहाजों पर लागू होगी। जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या वहां से बाहर निकलेंगे। हालांकि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच जाने वाले जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।





- तेहरान ने ट्रम्प के बयान को अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया
- कहा: ये तो समुद्री डकैती के बराबर

### तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत की वृद्धि

**मास्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हॉर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी की घोषणा के बाद वैश्विक तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत का उछाल आया और ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। जून का ब्रेंट क्रूड वायदा रविवार रात (भारतीय समयानुसार सोमवार तड़के 3:31 बजे) तक पिछले बंद भाव से 7.76 प्रतिशत बढ़कर 102.59 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि मई का डब्ल्यूटीआई- वायदा 8-2 प्रतिशत बढ़कर 104.51 डॉलर पर पहुंच गया।

# भारत सरकार ने हर स्तर पर सहयोग किया: फथाली

- ईरानी राजदूत ने भारतीयों का जताया आभार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के असफल रहने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं।

इसी बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने एक साथ सभी पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ईरान का रुख भी साफ किया। फथाली ने सबसे पहले पहले भारत और यहां की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि संकट के समय भारतीय लोगों ने सच्चे और भरोसेमंद साथी होने का परिचय दिया। इस दौरान फथाली ने भारत सरकार का भी धन्यवाद कहा। इस संकट के समय में भारत सरकार ने जरूरी सभी व्यवस्थाएं करने में मदद की। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सहयोग किया, जिससे हालात को संभालने में मदद मिली। उनके मुताबिक, भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत और भरोसे पर आधारित हैं, जो संकट के समय और भी स्पष्ट हो जाते हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी के तरफ से होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी के एलान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी।

## संक्षिप्त समाचार

### खुदरा महंगाई दर मार्च में बढ़कर 3.40 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। सरकार ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के आधार पर, मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति क्रमशः 3.63 प्रतिशत और 3.11 प्रतिशत रही। हालांकि, यह मामूली उछाल तत्काल चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि समग्र मूल्य वृद्धि अभी भी 4 प्रतिशत के सुविधाजनक और प्रबंधनीय स्तर से नीचे बनी हुई है। आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि शहरों की तुलना में गांवों में महंगाई का दबाव थोड़ा अधिक बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले शहरी इलाकों में यह दर 3.11 प्रतिशत के निचले स्तर पर रही। यह अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि गांवों और शहरों के बीच मूल्य दबाव किस प्रकार भिन्न है। घरेलू बजट में सबसे अहम भूमिका निभाने वाली खाद्य वस्तुओं की कीमतों में हल्का इजाफा देखा गया है।

### ट्रम्प की चेतावनी के बीच भारत पहुंचे ईरानी क्रूड के जहाज

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी जारी है और इसी दौरान लगभग सात साल के लंबे अंतराल के बाद ईरानी कच्चे तेल की खेप भारत पहुंची है। अमेरिका की ओर से दी गई प्रतिबंधों में अस्थायी छूट के चलते करीब 40 लाख (4 मिलियन) बैरल कच्चा तेल लेकर दो सुपरटैंकर भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर पहुंचे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब सप्ताहांत में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल हो गई है और वाशिंगटन ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी (ब्लाकेड) का ऐलान किया है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, नेशनल ईरानी टैंकर कंपनी द्वारा संचालित फेलिसिटी नामक एक बहुत बड़ा क्रूड कैरियर रविवार देर रात गुजरात के सिक्का तट पर लंगर डाल चुका है। इस जहाज में लगभग 20 लाख (2 मिलियन) बैरल कच्चा तेल है, जिसे मार्च के मध्य में ईरान के खार्ग द्वीप से लोड किया गया था।

# प. बंगाल में SIR से बाहर हुए लोग नहीं डाल पाएंगे वोट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत कानून के खिलाफ होगी: सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान चरम पर है। इसी बीच अब विशेष गहण पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने सोमवार को साफ-साफ कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के खिलाफ अपील लंबित है, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्य में चल रहे एसआईआर विवाद के बीच सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला चुनावी राजनीति में बड़ा मोड़ माना जा रहा है, जिससे पार्टियों के बीच टकराव और तेज हो सकता है। अदालत ने कहा कि जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत देना कानूनी प्रक्रिया के खिलाफ होगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी।

### सुप्रीम कोर्ट फर्जी मतदान पर सख्त, केंद्र सरकार व चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन पहचान लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। यह याचिका भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए नियमों में बदलाव की जरूरत होगी और इससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।



### लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी मामले' में निचली अदालत के सामने पेश होने से छूट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी' मामले की कार्यवाही के दौरान निचली अदालत में पेश होने से छूट दे दी है। न्यायालय श्री प्रसाद की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई के मामले को चुनौती दी गई है। इसमें सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्य पूर्व मंजूरी के बिना कथित तौर पर नई पूछताछ और जांच शुरू करने के कदम को भी चुनौती दी गई है। इससे पहले 24 मार्च को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई की प्राथमिकी को रद्द करने से इन्कार कर दिया था। अदालत ने श्री यादव के उस तर्क को खारिज कर दिया था।

# मुजफ्फरनगर बनेगा नगर निगम

## सीएम योगी ने जनपद को दी 951 करोड़ की सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत में जो सुरक्षा-विकास पाकिस्तान उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता: योगी
- वृहद रोजगार मेले में 951 करोड़ की 423 परियोजना का शिलान्यास किया

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ओर जहां पाकिस्तान पर तंज कसा, वहीं दूसरी ओर मुजफ्फरनगर को नगर निगम बनाने की बड़ी घोषणा कर विकास की नई दिशा तय की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पाकिस्तान आर्थिक बदहाली से जूझ रहा है और वहां के लोग बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि भारत मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में जो सुरक्षा और विकास का माहौल है, उसकी कल्पना भी पाकिस्तान में नहीं की जा सकती। उन्होंने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का स्मरण करते हुए क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं की भूमिका की सराहना की। उन्होंने क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें देश की ताकत बताया। साथ ही किसानों के हितों को राष्ट्रीय एजेंडा में स्थान दिलाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन किया और उनके योगदान को देश के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग प्रदेश की शांति और विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन औद्योगिक अशांति फैलाने वाले ऐसे तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने मुजफ्फरनगर के विकास के लिए 951 करोड़ रुपये की 423 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए इन परियोजनाओं में शामिल अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की भी जानकारी दी उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

### देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण: जयंत चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सपना चौधरी चरणसिंह और अटल बिहरी वाजपेयी ने 1983 में देखा था और आने वाले समय में यह गठबंधन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन अब पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। कहा कि 2014 से पहले देश में स्टार्टअप पर कोई नीति नहीं थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानो की हर समस्या को समझते हैं। चौधरी ने कहा कि देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण तिथियां साबित होंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को अधिकार दिलाने वाला ऐतिहासिक कदम है।

# नोएडा हिंसा के बाद सख्त हुई योगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मजदूर-उद्योग विवाद सुलझाने को बनी हाई लेवल कमेटी

**लखनऊ/नोएडा।** नोएडा में वेतन वृद्धि और न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मियों द्वारा हिंसक प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत एक बड़ा कदम उठाते हुए मजदूरों और उद्योगों के बीच बढ़ते तनाव को कम करने की दिशा में पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है।



मुजफ्फरनगर: वृहद्ध रोजगार मेले में उप्र के सीएम योगी चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए। साथ में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी व अन्य।

### विधायिका में महिलाओं को आरक्षण 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में पेश किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 21वीं सदी का एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को सभी दलों ने सर्वसम्मति से पारित किया, जो महिला सशक्तिकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कानून दशकों से महसूस की जा रही महिलाओं के लिए लोकतांत्रिक ढांचों में आरक्षण की आवश्यकता को पूरा करता है। पीएम मोदी ने कहा कि सभी दलों ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया और विपक्ष ने खास तौर पर 2029 तक महिला आरक्षण कानून लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं को आरक्षण देने की आवश्यकता दशकों से महसूस की जाती रही है। उन्होंने कहा कि भारत की 'नारी शक्ति' ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां किसी को उपदेश देने या जागरूक करने नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं।

# पीएम मोदी आज देंगे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सौगात

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंगलवार को अपने 28 वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढ़े चार साल के कार्यकाल में यह उनका 18वां दौरा होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान 11970 करोड़ की 210 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना (एक्सप्रेस वे) के साथ ही, टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री अपने दौरे में डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना भी करेंगे। प्रधानमंत्री की पूजा के लिए मंदिर को पूरी तरह सजाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्तराखंड वासियों में भारी उत्साह है। प्रदेश सरकार लोकार्पण समारोह को यादगार और ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों में जुटी है। प्रधानमंत्री देहरादून के महिंद्रा ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की गई है और इसमें अपार जन समूह के आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। कुल 1000 मेगावाट, उत्पादन क्षमता के इस प्लांट का निर्माण टीएचडीसी ने 2400 मेगावाट क्षमता के टिहरी हाईड्रो पावर काम्पलेक्स -शेष पृष्ठ दो पर





- प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उत्तराखंड वासियों में जबरदस्त उत्साह, लगभग 12 किमी का करेंगे रोड शो, हजारों भाजपा कार्यकर्ता और राज्यवासी करेंगे पुष्प वर्षा
- टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी करेंगे लोकार्पण
- डाट काली मंदिर में करेंगे पुजा अर्चना

### पीएम मोदी के हृदय में बसता है उत्तराखंड: सीएम


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता रहा है। उत्तराखंड उनके हृदय में बसता है। उनके दौरे को लेकर देवभूमि वासियों में भारी उत्साह है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तराखंड में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दो लाख करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए इस अवसर को अत्यंत -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा बना विकास और पर्यावरण संतुलन का मॉडल

# एलिवेटेड गलियारे में बढ़ी वन्यजीवों की चहल कदमी: उनियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे के उद्घाटन से पूर्व उत्तराखण्ड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने परियोजना के पर्यावरणीय और विकासात्मक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह गलियारा 14 अप्रैल को पीएम मोदी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



■ 165.5 हेक्टेयर क्षेत्र में हुआ वृक्षारोपण, 1.96 लाख पौधे लगाए गए

सोमवार को मीडिया को जानकारी देते हुए वन मंत्री ने बताया कि इस परियोजना का अंतिम लगभग 20 किलोमीटर मार्ग उत्तर प्रदेश के शिवालिक वन क्षेत्र और उत्तराखण्ड के राजाजी नेशनल पार्क सहित देहरादून वन प्रभाग के घने जंगलों से होकर गुजरता है। उन्होंने इसे विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने वाला एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। एलिवेटेड गलियारे में वन्यजीवों की चहल कदमी बढ़ गई है।

मंत्री ने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत वन भूमि के हस्तांतरण के बदले व्यापक स्तर पर 165.5 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रतिपूरक वृक्षारोपण कार्य किया गया है, जिसमें लगभग 1.96 लाख पौधे लगाए गए हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग समिति के निर्देशन में 40 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि से वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिये ईको-पुनर्स्थापन (ईको रेस्टोरेशन) के विभिन्न कार्य भी किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना में एशिया का सबसे लंबा लगभग 12 किलोमीटर का एलिवेटेड (ऊंचा निर्मित) वन्यजीव गलियारा तैयार किया गया है, जो विशेष रूप से वन्यजीवों के सुरक्षित आवागमन के लिए विकसित किया गया है। इसमें हाथी अंडरपास (भूमिगत मार्ग) और अन्य वन्यजीव मार्ग भी बनाए गए हैं, जिससे उनकी निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सके।

परियोजना के निर्माण के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक एहतियाती उपाय अपनाए गए हैं।

इसके तहत साउंड बैरियर (ध्वनि अवरोधक) और लाइट बैरियर (प्रकाश अवरोधक) जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे शोर और प्रकाश प्रदूषण का प्रभाव न्यूनतम हो सके। मंत्री ने बताया कि इस एलिवेटेड गलियारे के निर्माण से मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी आएगी।

## अम्बेडकर जयन्ती पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी स्थित अम्बेडकर चौक में भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर आयोजित छात्रवृत्ति एवं सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान की। उन्होंने पर्यावरण मित्रों और समाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले महान विभूतियों को भी सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके विचार आज भी समानता एवं न्याय की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अकादमी के अध्यक्ष सुनील सोनकर को आयोजन और अपने माता-पिता की स्मृति में छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान समिति के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से अम्बेडकर चौक का सौंदर्यीकरण का आग्रह भी किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना, नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, भारतीय दलित साहित्य अकादमी अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक सुनील सोनकर, ओपी उनियाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मांस बेचने पर व्यापारी के मुंह पर कालिख पोतने का फैसला

■ केदारनाथ यात्रा मार्गों पर मांच बेचने को लेकर लगे दुकानों में नोटिस

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार यात्रा मार्गों में मांस की दुकानें नहीं दिखेंगी, जिससे उनकी आस्था को ठेस नहीं पहुंचेगी। पहले जहां यात्रा मार्ग पर मांस की दुकाने खुली होने से देश-विदेश से लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालु शिकायतें किया करते थे, मगर अब उनकी शिकायतें खत्म हो जाएंगी। अगर कोई व्यापारी मांस बेचता हुआ पकड़ा जाता है तो उसके मुंह पर कालिख पोतने के साथ ही कानूनी कार्य की जाएगी। इसके लिए केदारघाटी की महिला मंगल दलों ने जिलाधिकारी विशाल मिश्रा का आभार जताया है। इस बार केदारनाथ यात्रा के दौरान यात्रा मार्गों में मांस की दुकानों पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसको लेकर मांस की दुकानों के बाहर नोटिस भी लगा दिए गए हैं। लम्बे समय से समाजसेवी अशोक सेमवाल के नेतृत्व में केदारघाटी की महिला मंगल दल शेरसी, रामपुर, सीतापुर, बड़ासू, गौरीकुंड सहित अन्य महिला मंगल दल के इस अभियान को सफलता मिली है। महिलाओं द्वारा सड़कों पर मांस और शराब को लेकर आंदोलन किया गया, जिसके बाद प्रशासन जागा और बीते दिन यात्रा मार्ग के सीतापुर में आयोजित व्यापारियों की बैठक में डीएम विशाल मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गुप्तकाशी से गौरीकुंड तक मांस की बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जिसके बाद से समाजसेवी अशोक सेमवाल मांस की दुकानों में जाकर नोटिस चिपका रहे हैं।

## धार्मिक तालीम देने को शिक्षा विभाग-प्राधिकरण से मान्यता लेनी होगी

■ अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण ने आवेदन की प्रक्रिया से कराया अवगत

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थानों को अपनी धार्मिक शिक्षा देने के लिये पहले शिक्षा विभाग से मान्यता लेनी होगी, तभी अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण धारा 14 के तहत मान्यता प्रदान करेगा।

सोमवार को देहरादून में अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरजीत सिंह गांधी की अध्यक्षता में आयोजित मदरसा प्रबंधकों की बैठक में कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व से मान्यता प्राप्त मदरसा प्रबंधकों को जानकारी देते हुए बताया गया कि राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद को समाप्त करने का निर्णय लेते हुए उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया है। उन्होने बताया कि पहले से मान्यता प्राप्त मदरसों को भी फिर से मान्यता लेनी होगी।

बैठक में नए एक्ट को आसान भाषा में समझाया गया और खासतौर पर धारा 14 के तहत मान्यता लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। संस्थानों ने अपनी समस्याओं और प्राधिकरण की जटिलताओं की ओर ध्यान दिलाया।

मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने प्राधिकरण के फाएदे गिनाए। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जेएस रावत, मौलाना अब्दुल कुद्दूस, मौलाना रिहान गनी, मौलाना गुलशेर, मौलाना असलम, मौलाना बीएन कासमी, कारी सादिक, मास्टर अब्दुल सत्तार, असगर अली, मौ. शहजाद आदि मौजूद रहे।



### धार्मिक शिक्षा देने वाले संस्थानों को संबद्धता के लिए बाध्य न किया जाए: उलेमा

**देहरादून।** उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण अध्यक्ष सुरजीत सिंह गांधी को मदरसा प्रबंधकों की और से पत्र सौंप कर मांग की गई कि केवल धार्मिक शिक्षा प्रदान करने वाले मदरसों को प्राधिकरण से संबद्धता प्राप्त करने के लिए बाध्य न किया जाए। पत्र में कहा गया है कि प्राधिकरण के कई प्रावधानों को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है और मामला अभी विचाराधीन है। जमीअत के प्रवक्ता मौहम्मद शाहनजर ने कहा कि हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की और से 16 जनवरी 2026 को रिट याचिका संख्या 307/2026 में कहा गया है कि केवल धार्मिक शिक्षा का ज्ञान देने के लिये स्थापित किये गये संस्थानों को किसी मान्यता की जरूरत नही है। वहीं, संविधान के अनुच्छेद 25 और 30 में अपने धर्म के अनुसार शिक्षा देने और अपनी पसंद के शैक्षिक संस्थान स्थापित व संचालित करने का अधिकार है।

## एक नजर .......

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बैसाखी पर्व की बधाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को 'बैसाखी' पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बैसाखी हर्ष और उल्लास के साथ उत्साह व भाईचारे का पर्व है। उन्होंने कहा कि नई फसल के कटने से जुड़ा यह पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं तथा किसान व कृषि संस्कृति का भी परिचायक है। यह पर्व लोक आस्था एवं समृद्धि का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस पावन अवसर पर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शान्ति व समृद्धि की भी कामना की है।

### पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाकर 3 लाख 20 हजार का किया जुर्माना

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाकर उल्लंघन कर्ता हॉस्टल संचालकों व मकान मालिकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की। पुलिस ने 384 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा 32 हॉस्टल संचालकों व मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराने व अनियमितता पाए जाने पर चालान 3,20,000 रूपये का अध्यारोपित जुर्माना किया। रविवार को थानाध्यक्ष सेलाकुई द्वारा थाना क्षेत्र में टीमे बनाकर थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित हॉस्टलों व होम स्टे तथा मकानों में निवासरत बाहरी छात्रों, ब्यक्तियों एवं किरायेदोरों का सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र में निवास कर रहे बाहरी छात्रों, व्यक्तियों किरायेदारों व संदिग्ध ब्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा कार्यवाही के दौरान हॉस्टल होमस्टे में अनियमित पाए जाने पर मकान मालिकों के विरूद्ध किरायेदारों का सत्यापन न कराने के सम्बन्ध में पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत कुल 32 चालान धनराशि 3,20,000 रूपये का जुर्माना न्यायालय के चालान किए गए।

### टिहरी बांध प्रभावित व विस्थापितों का 46वें दिन भी जारी

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल जन-अधिकार संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में टिहरी बांध प्रभावित व विस्थापितों का अपनी मांगों को लेकर गणेश चौक में धरना-प्रदर्शन सोमवार को 46वें दिन भी जारी रहा। मोर्चा के अध्यक्ष सागर भंडारी का कहना है कि प्रतापनगर के गांवों में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टिहरी बांध से प्रभावित लोगों ने अपनी पुश्तैनी जमीन और मकान खोए हैं, इसलिए बांध से मिलने वाली रायल्टी का उपयोग सबसे पहले प्रभावितों के विकास कार्यों में किया जाना चाहिए। सरकार उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि इस जनआंदोलन को क्षेत्रीय जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन को और प्रभावी बनाने के लिए नई रणनीतियों पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। इस मौके पर राजेंद्र रावत, सुनील सिंह, सतपाल सिंह, पूरण सिंह, विजेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### निबंध व कला प्रतियोगिता का आयोजन

**नई टिहरी।** नगर पंचायत गजा की ओर से स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत ओमकारानंद जूनियर हाई स्कूल व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गजा में निबंध व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### टिहरी पुलिस ने दो घंटे में सकुशल बरामद नाबालिग

**नई टिहरी।** टिहरी पुलिस की तत्परता से धनौल्टी क्षेत्र से गुम हुए एक नाबालिग को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर स्वजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बीते रविवार सुबह लगभग 10 बजे दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने चौकी धनौल्टी, थाना थत्यूड़ में सूचना दी कि उनकी पुत्री का नाबालिग पुत्र होटल से नाराज होकर कहीं चला गया है। परिजनों ने काफी तलाश किया, लेकिन बालक का कोई सुराग नहीं लग सका। जिससे परिवार में चिंता का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी धनौल्टी नवल किशोर गुप्ता ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने बिना देरी किए स्वजनों के साथ आसपास के क्षेत्रों, संभावित मार्गों और जंगलों में सघन खोजबीन शुरू की। पुलिस की सक्रियता और तत्परता का परिणाम रहा कि करीब दो घंटे के भीतर ही धनौल्टी क्षेत्र के पास घने जंगल से नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया गया।

### विनोद बड़थ्वाल की पुण्य स्मृति में उमड़ा जनसैलाब


**देहरादून।** रायपुर में स्वर्गीय विनोद बड़थ्वाल की दसवीं पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आज श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ समापन हो गया। कथा का वाचन व्यास दिनेश प्रसाद डिमरी के मुखारविंद से संपन्न हुआ। कथा के मुख्य यजमान के रूप में आभा बड़थ्वाल, स्वर्गीय विनोद बड़थ्वाल के दोनों पुत्र वैभव बड़थ्वाल व आर्यन बड़थ्वाल तथा उनके समस्त परिवार ने श्रद्धापूर्वक अपनी भूमिका निभाई।इस अवसर पर पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, डोईवाला विधायक बृज भूषण गैरोला, कैंट विधायक सविता कपूर, पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, पूर्व नौकरशाह जेपी ममगाईं, सपा राष्ट्रीय सचिव डॉ. एस एन सचान, आनंद सिंह पुंडीर, प्रदीप रावत, अशोक चंदन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, विवेकानंद खंडूरी, एसपी सिंह, रायपुर विधायक उमेश शर्मा, अधिवक्ता मूलचंद शिर्षवाल, अतुल शर्मा, देवेंद्र बुटोला, बुद्धदेव सेमवाल, अरुण पाल, प्रमोद कपूरवान, संजय सिंह चौहान, पुष्पा बर्थवाल, विजय रावत, सुनील अग्रवाल व विक्रम नेगी आदि मौजूद रहे।

# पतंजलि अनुसंधान संस्थान लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

## डा. पीडी सेठी नेशनल एचपीटीएलसी अवार्ड 2025 में मिला प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वैज्ञानिक उत्कृष्टता और नवाचार की अपनी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाते हुए पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने एक बार पुन: राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। संस्थान को डा. पीडी सेठी नेशनल एचपीटीएलसी अवार्ड 2025 में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था।




यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान को उनके आंवला के बीज तेल पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला, जिसमें इसके शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म-रोधी गुणों को उजागर किया गया है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा की यह हर उस वैज्ञानिक के समर्पण की जीत है जो प्रतिदिन विश्व को एक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम : बालकृष्ण**

पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डा. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर बताया कि डा. पीडी सेठी नेशनल एचपीटीएलसी अवार्ड देश में एनालिटिकल केमिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। इस मंच पर लगातार दूसरी बार पुरस्कार प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है, और यह संस्थान की सुदृढ़ वैज्ञानिक आधारशिला को दर्शाता है। आंवला पर किए गए इन्हीं शोध के आधार पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा भी संस्थान को पिछले वर्ष 10वें अंतर्राष्ट्रीय वेस्ट एंड वर्थ सम्मेलन एवं 4 आर अवार्ड 2025 संस्करण में अवार्ड ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया था। ज्ञात हो कि आंवला बीज के तेल पर किए गए इन शोधों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है।

## ऊखीमठ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का जोरदार प्रदर्शन

■ तहसील मुख्यालय में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** तहसील मुख्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ गहरा आक्रोश व्यक्त किया। बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकर्त्रियों ने हाथों में तख्तियां लेकर रैली निकाली और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। गुरिल्ला संगठन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के आन्दोलन को अपना समर्थन दिया गया।



प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने कहा कि लंबे समय से वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। कार्यकर्त्रियों ने स्पष्ट किया कि उनकी प्रमुख मांगों में मानदेय बढ़ोतरी, नियमितीकरण, सेवानिवृत्ति पर पेंशन व्यवस्था, कार्य के अनुरूप सुविधाएं तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी मांगें शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में उन्हें बेहद कम मानदेय में अधिक कार्य करना पड़ रहा है, जो न्यायसंगत नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी 11 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन को और उग्र रूप देने के लिए बाध्य होंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेशव्यापी आंदोलन की रणनीति भी बनाई जा सकती है। आन्दोलन को अपना समर्थन देने पहुंची गुरिल्ला संगठन जिलाध्यक्ष बसन्ती रावत ने कहा कि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री विगत 11 अप्रैल से तहसील मुख्यालय में आन्दोलनरत हैं, मगर आज तक शासन-प्रशासन का नुमाइंदा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की सुध लेने नहीं पहुंचा। प्रदर्शन के उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने तहसील प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस दौरान तहसील मुख्यालय पर काफी देर तक प्रदर्शन जारी रहा, जिससे क्षेत्र में हलचल बनी रही। इस मौके पर स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिभुवन चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष रंजना अवस्थी, उपा. सना सेमवाल, उपाध्यक्ष अनीता नेगी, कोषाध्यक्ष कल्पेश्वरी देवी, सचिव सीमा देवी, सुनीता भट्ट सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रिया मौजूद रहीं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर बनेगा...**

कि इससे जहां युवाओं को नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, वहीं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे पूर्व उन्होंने नगर पालिका द्वारा तैयार कराई गए देवी अहिल्याबाई स्मारक और चौराहे के सौंदर्यकरण का भी उद्घाटन किया प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नुमाइश ग्राउंड में आयोजित रोजगार मेले का अवलोकन करने के बाद विभिन्न कंपनियों में चयनित होने वाले युवाओं व बेटियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

अपने भाषण की शुरुआत भारत माता और वंदेमातरम के जयकारों के साथ कर उन्होंने उमड़ी भीड़ में खूब जोश भरा शुकतीर्थ की पवित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि पुराणकालीन परंपराओं और महाराजा शुकदेव की तपस्थली रही है, जहां जीवन के गूढ़ रहस्यों का ज्ञान दिया गया। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के विजन को रेखांकित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा में संबोधन के दौरान रोजगार और कौशल विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स और ड्रोन के साथ पारंपरिक कौशल से भी जोड़ रही है। रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और यही देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। सुरक्षा और मौजूदा कानून-व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा का माहौल स्थापित किया है, जिससे महिलाएं, व्यापारी और आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वैश्विक चुनौतियों के बीच भी मजबूती से खड़ा है। औद्योगिक विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां यहां के उद्योगों में ताले लगते थे, वहीं अब नए निवेश आ रहे हैं। सरकार श्रमिकों और उद्यमियों के बीच संतुलन बनाते हुए बेहतर वेतन, सामाजिक सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है।

आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मानदेय की गारंटी भी लागू की गई है। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने श्रमिकों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के साथ उन्हें सुविधाएं मुहैया कराने का काम भी भाजपा सरकार में हुआ है। साथ ही आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, शिक्षामित्र और शिक्षकों और अन्य कर्मियों के लिए पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी भाजपा सरकार में दिलाने का काम किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कौशल विकास राज्यमंत्री एवं रालोद के राष्टीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, कार्यक्रम संयोजक कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, सांसद चंदन चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, लोकदल क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, एमएलसी वन्दना वर्मा, राष्टीय लोकदल विधानसभा में नेता राजपाल बालियान, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक मदन भैया, विधायक अशरफ अली, जिला प्रभारी सूर्यप्रकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, विक्रम सैनी, अशोक कंसल, सुशीला अग्रवाल, चेयरमैन सहकारी बैंक रामनाथ सिंह, पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, प्रदेश महासचिव उमादत्त शर्मा, रामनिवास पाल, जियाउर्रहमान, भाजपा रालोद और एनडीए के सभी सहयोगी दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पीएम मोदी...** के क्रम में किया है, जो टिहरी हाईड्रो प्रोजेकट के ऊपरी और निचले जलाशयों के बीच अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करेगा। यह संयंत्र, भारत की ऊर्जा यात्रा में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा, टिहरी सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह की उपस्थिति रहेगी।

**पीएम मोदी के...** महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बताया है। मुख्यमंत्री धामी जनमानस से भी इस ऐतिहासिक अवसर में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कनेक्टिविटी के क्षेत्र में क्रांति आई है। चारधाम आलवेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ एवं हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना, देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाओं को उन्होंने स्वीकृति दी है। आज पीएमजीएसवाई के तहत दूरदराज ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण के साथ ही हवाई और रेल सेवाओं का विस्तार हुआ है। रोप-वे परियोजनाओं पर तेजी से काम आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के उत्तराखंड दौरे को लेकर हमेशा ही लोगों में उत्साह और उत्सव का माहौल रहता है। हर बार अपने दौरे में प्रधानमंत्री उत्तराखंड को बड़ी सौगात देकर जाते हैं।




# नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री

के कर-कमलों द्वारा

### ₹12,000 करोड़ की लागत से निर्मित दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड को जोड़ने वाले

# दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

(213 किमी लंबा, 6 लेन एक्सेस-नियंत्रित हाईस्पीड कॉरिडोर)

**का उद्घाटन**

दिनांक : 14 अप्रैल, 2026 | समय : 11.00 बजे (प्रात:) | स्थान : जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड, देहरादून

## लाभ

- दिल्ली–यूपी–उत्तराखंड को जोड़ेगा तेज़ मल्टी-लेन कॉरिडोर
- चार धाम, ऋषिकेश, हरिद्वार और मसूरी तक आसान पहुँच, पर्यटन को नई ऊर्जा
- बागपत, शामली और सहारनपुर में औद्योगिक विकास, रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे
- सहारनपुर की लकड़ी नक्काशी और मुज़फ्फरनगर के कागज़ उद्योग को बढ़ावा
- कृषि उत्पादों की तेज़ आवाजाही, किसानों की आय में बढ़ोतरी
- उत्तर-पूर्वी दिल्ली को जाम से राहत मिलेगी
- आईएसबीटी-रिंग रोड एवं दिल्ली-मेरठ-देहरादून मार्ग पर ट्रैफिक दबाव घटेगा
- स्वास्थ्य, शिक्षा केंद्रों तक तेज़ पहुँच, जीवन स्तर में सुधार
- सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति
- एशिया के सबसे बड़े वन्यजीव कॉरिडोर में से एक, पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास

**गरिमामयी उपस्थिति**

ले. ज. गुरमीत सिंह (से0नि0)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

नितिन गडकरी
केन्द्रीय मंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

अजय टम्टा
राज्यमंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग

हर्ष मल्होत्रा
राज्यमंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग,
तथा कॉर्पोरेट मामले

जयंत चौधरी
कौशल विकास और
उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

तरनजीत सिंह संधू
लेफ्टिनेन्ट गवर्नर, दिल्ली

रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली

त्रिवेंद्र सिंह रावत
सांसद, हरिद्वार

अतुल गर्ग
सांसद, गाजियाबाद

मनोज तिवारी
सांसद, उत्तर-पूर्वी दिल्ली

महेंद्र भट्ट
सांसद, राज्यसभा

नरेश बंसल
सांसद, राज्यसभा

डा. कल्पना सैनी
सांसद, राज्यसभा

अनिल बलूनी
सांसद, गढ़वाल

अजय भट्ट
सांसद, नैनीताल

माला राज्य लक्ष्मी शाह
सांसद, टिहरी गढ़वाल

हरेंद्र सिंह मलिक
सांसद, मुजफ्फरनगर

इमरान मसूद
सांसद, सहारनपुर

इकरा चौधरी
सांसद, कैराना

डॉ. राजकुमार सांगवान
सांसद, बागपत

CBC 37107/13/0002/2627

DD NEWS पर सीधा प्रसारण देखें

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी।

# केदारनाथ यात्रा तैयारियों का जायजा लेने धाम पहुंचे जिलाधिकारी व एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी 22 अप्रैल से शुरू हो रही केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी विशाल मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक नीहा. रिका तोमर ने संयुक्त टीम के साथ केदारनाथ धाम पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और प्रगति का जायजा लिया।




निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पूर्व धाम में सभी मूलभूत सुविधाएं हर हाल में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने पैदल मार्ग का भी निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं की स्थिति का आकलन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में केदारनाथ धाम क्षेत्र में भारी मात्रा में बर्फ जमी हुई है। कई स्थानों पर 4 से 5 फीट तक बर्फ मौजूद है, जिसे हटाने का कार्य तेजी से जारी है। धाम क्षेत्र में 60 से अधिक श्रमिक तथा ट्रैक रूट पर 70 से 75 मजदूर तैनात किए गए हैं। पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और शीघ्र ही पूरे ट्रेक रूट का पुनर्निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त

**■ क्षेत्र में भारी मात्रा में जमी है बर्फ, कई स्थानों पर 4 से 5 फीट तक बर्फ**
**■ धाम क्षेत्र में 60 से अधिक श्रमिक, ट्रैक रूट पर 70 से 75 मजदूर तैनात**

पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही आईटीबीपी के जवानों की तैनाती के अलावा अतिरिक्त सुरक्षा बल भी लगाया जाएगा। आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षा निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन का भी उपयोग किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि केदारनाथ यात्रा का संचालन सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जा सके।

# भारतीय संविधान वंचितों के स्वप्नों व आकांक्षाओं का प्रतीकः प्रो. पंवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केन्द्र एवं डॉ. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नि:शुल्क सिविल सेवा कोचिंग योजना के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बाबासाहेब के जीवन, उनके संघर्ष, उनके योगदान और उनके शैक्षणिक, सामाजिक तथा संवैधानिक दृष्टिकोण पर विद्वान प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. एमएम सेमवाल ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन दर्शन एवं उनकी शिक्षाओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कहा कि बाबासाहेब का सम्पूर्ण जीवन समानता, न्याय और मानवीय गरिमा की स्थापना के लिए समर्पित था। उनका संघर्ष केवल एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए था। कार्यक्रम में बतौर मुख्स अतिथि गढ़वाल विवि के



**■ भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

कार्यवाहक कुलपति प्रो. एमएस पंवार ने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह करोड़ों वंचितों के स्वप्नों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। बताया कि किस प्रकार डॉ. अम्बेडकर ने विश्व के विभिन्न देशों के संविधानों का गहन अध्ययन करके भारत के लिए एक ऐसा संविधान तैयार किया जो समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के इंजी. नियर राजेंद्र प्रसाद, मुख्य नियंता प्रो. दीपक कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रो. ओपी गुसांई ने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर शिक्षा विभाग की प्रो. सीमा धवन, डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केन्द्र के डॉ. आशीष बहुगुणा, डॉ. प्रकाश सिंह, डॉ. मुक. ेश सहाय, डॉ. शैलेन्द्र चमोला, डॉ. वीर सिंह सहित आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडाउन।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कला संकाय से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए परिसर के समीप के स्थानों का भ्रमण किया । प्रभात फेरी का समापन वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ ।कार्यक्रम में मुख्य संयोजक डॉ शिप्रा के साथ डॉ अर्चना नौटियाल, डॉ अजय रावत, डॉ उमेश ध्यानी, डॉ सुमन कुक. रेती, डॉ वंदना ध्यानी, डॉ नेहा शर्मा, डॉ मानसी वत्स एवं अन्य प्राध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर एलआर राजवंशी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों के विषय में बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक महत्व को युवा पीढ़ी के बीच पुनर्जीवित करते हैं और देशभक्ति की भावना को प्रेरित करते हैं।

# पैराशूट प्रत्याशी नहीं चलेगाः हरक सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं उत्तराखंड कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत ने सोमवार को रवांई क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पुरोला पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर जोश भर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

पुरोला पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिसर में ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। बैठक के दौरान रावत ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत करने और भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने का संकल्प लेने को कहा।



उन्होंने उत्तराखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और खनन से लेकर अन्य विभागों में अनियमितताएं व्याप्त हैं। खासकर पुरोला क्षेत्र की स्थिति को उन्होंने "अधिक चिंताजनक" बताया।

बैठक में क्षेत्र के युवाओं, मातृशक्ति और जमीनी कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही यह मांग भी उठाई गई कि आगामी चुनाव में पार्टी का टिकट केवल उन कार्यकर्ताओं को दिया जाए जिन्होंने कठिन समय में पार्टी के लिए समर्पण के साथ काम किया है। इस पर हरक सिंह रावत ने स्पष्ट किया कि किसी भी "पैराशूट प्रत्याशी" को टिकट नहीं दिया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, युवाओं की बेरोजगारी और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। रावत ने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पुरोला, यमुनोत्री और गंगोत्री तीनों सीटों पर कांग्रेस जीत दर्ज करेगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष बिहारी लाल शाह, जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह चौहान, रेखा नौटियाल जोशी, मोहन लाल भूराटा, हरिमोहन जुवांठा, धीरेंद्र सिंह नेगी, कविंद्र असवाल, मोहन सिल्वाल, जगदीश गुसाईं और दरमियान सिंह पंवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**■ भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर बोला हमला, संगठन मजबूत करने का आह्वान**

## एक नजर .......

### बड़कोट से एम्स तकः एयर एम्बुलेंस ने थामा जिंदगी का हाथ

**पुरोला/ बड़कोट।** जनपद के नौगांव विकासखंड अंतर्गत कुर्सिल गांव में एक जच्चा-बच्चा के लिए एयर एम्बुलेंस किसी देवदूत से कम साबित नहीं हुई। समय पर मिली इस आपातकालीन सुविधा ने नवजात की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अना. मिका (18 वर्ष), पत्नी प्रवेश रावत, को समय से पूर्व प्रसव पीड़ा होने पर बड़कोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की देखरेख में महिला का सफल प्रसव तो हो गया, लेकिन नवजात शिशु पूर्ण रूप से विकसित न होने के कारण उसे सांस लेने में गंभीर कठिनाई होने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अंगद राणा ने तत्काल उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तरकाशी के निर्देशन में मामले का त्वरित संज्ञान लेते हुए जच्चा-बच्चा की सुरक्षा हेतु एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई। इसके बाद दोनों को तत्काल एयर एम्बुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया, जहां उनका विशेषज्ञ उपचार जारी है। इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों और स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया है।




### आकांक्षी ब्लॉक दुगड्डा में पोषण रेसिपी मेले का हुआ आयोजन

**कोटद्वार।** आकांक्षी ब्लॉक के संपूर्णता अभियान के अंतर्गत विकासखंड दुगड्डा में पोषण रेसिपी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के माध्यम से संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरुकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध टेक होम राशन एवं पके हुए भोजन से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार कर उनका आकर्षक प्रदर्शन किया गया। प्रत्येक रेसिपी के साथ उसके पोषण तत्वों एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी विस्तार से प्रस्तुत की गयी, जिससे उपस्थित लोगों को संतुलित आहार के महत्व की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सूरज नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख सुनील नेगी एवं खंड विकास अधिकारी विद्यादत्त रतूड़ी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए पोषण थाली एवं नवाचार आधारित रेसिपियों के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर भी पोषणयुक्त एवं संतुलित आहार को दैनिक जीवन में सहज रूप से शामिल किया जा सकता है।

### आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन के प्रधानाचार्य को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**लैंसडाउन।** देहरादून में आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव के दौरान आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन के प्रधानाचार्य विजेन्द्र दत्त सुंदरियाल को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से दी जा रही उनकी समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने इसे विद्यालय के चेयरमैन विना. ेद सिंह नेगी, वीएसएम, कमांडेंट, गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के मार्गदर्शन एवं सतत समर्थन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आर्मी पब्लिक स्कूल में कार्यरत सहयोगी एवं योग्य टीम तथा विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है, जो पूरे विद्यालय और शहर के लिए गर्व का विषय है। प्रधानाचार्य ने विद्यालय प्रबंधन एवं सभी अभिभावकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी विद्यालय इसी प्रकार प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन के सहयोग एवं निरंतर प्रोत्साहन से निरंतर कार्य करता रहेगा।

# अंशिका गुसांई ने की सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की परीक्षा पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सेंट थरेसा कान्वेंट स्कूल श्रीनगर कि छात्रा अंशिका गुसांई ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल घोड़ाखाल नैनीताल में प्रवेश प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अंशिका वर्तमान में सेंट थरेसास स्कूल, श्रीनगर की कक्षा 6वीं की छात्रा हैं। वह मूल रूप से जनपद चमोली के सोनला बछेर, गोपेश्वर की निवासी हैं। सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उन्होंने उत्तराखंड गर्ल्स मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जो उनकी मेहनत, लगन और प्रतिभा का प्रमाण है। इससे पूर्व भी अंशिका ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की थी। अंशिका ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया है। अंशिका के पिता यशवीर गुसांई संयुक्त चिकित्सालय श्रीनगर गढ़वाल में फार्मेसिस्ट के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता राज. ेश्वरी गोसाईं गृहिणी हैं। अंशिका का सपना भारतीय सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा करना है।



**■ श्रीनगर क्षेत्र में खुशी की लहर**

# पीएम मोदी के संबोधन से महिलाओं में जागा आत्मविश्वासः भंडारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** भाजपा मंडल कार्यालय में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से देखा गया। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन सम्मेलन महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उन्होंने इसे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। जिला महामंत्री गणेश भट्ट ने सम्मेलन को देश की मातृशक्ति को समर्पित प्रेरणादायक प्रयास बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रमिला भंडारी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं। मौके पर नगर निगम पार्षद मीना असवाल, भाजपा के पूर्व प्रदेश युवा मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ. सुधीर जोशी, मंडल महामंत्री शुभम प्रभाकर, कुशलानाथ, आशा उपाध्यक्ष, उषा कंडारी, नगमा तौफीक, राजेश्वरी पुरी, रेनू सुंद्रियाल, उमा गुनसोला, शांति भट्ट, विनीत पोस्ती, आशीष उनियाल सहित आदि मौजूद थे।

**■ भाजपाइयों ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण देखा**

# रीडिंग रूम की समय सीमा बढ़ाए जाने पर धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में रीडिंग रूम की समय सीमा बढाएं जाने की मांग को लेकर आइसा छात्र संगठन ने केंद्रीय पुस्तकालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस दौरान आइसा छात्र संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गढ़वाल विवि प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबा. जी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर गढ़वाल विवि के छात्र संघ के उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल ने कहा कि बीते लम्बे समय से आइसा छात्र संगठन रीडिंग रूम की समय सीमा बढाये जाने कि मांग कर रहा है, लेकिन अधिकारी छात्रों की मांगों को अनसुना कर रहें है। कहा कि इस संबंध में गढ़वाल विवि के कुलपति, कुलसचिव सहित पुस्तकालयाध्यक्ष को ज्ञापन प्रेषित किया गया है, बावजूद भी कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है। कहा कि छात्रों की मांगों पर अनुसूना करने पर आक्रोशित छात्रों ने केंद्रीय पुस्तकालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

**■ आइसा छात्र संगठन ने दिया पुस्तकालय में दिया धरना**

# स्वच्छता कार्यक्रम को लेकर पालिका क्षेत्र में दिखा उत्साहः संतोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** शहरी विकास निद. ेशालय के निर्देश पर नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग की ओर से आयोजित "स्वच्छता सप्ताह" कार्यक्रम संपंन हो गया है। समापन के अंतिम दिन विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता विषयक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पालिका की ओर से चयनित वार्ड संख्या 4, 6 एवं 7 में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत सरस्वती शिशु मंदिर बेलनी, सरस्वती शिशु मंदिर/विद्या मंदिर पुनाड़ तथा अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलबराय में सीनियर एवं जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और साफ-सफाई के महत्व को अपने चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।




**■ स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम संपंन, अंतिम दिन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन**

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें स्वच्छ समाज के निर्माण को लेकर प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालयों में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला और विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आगामी 15 अप्रैल को नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभासदों द्वारा सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने बताया कि स्वच्छता कार्यक्रम को लेकर नगर की जनता में उत्साह देखने को मिला है।

नगर मोहल्लों से लेकर नदी किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पैदल रास्तों से लेकर मंदिरों की साफ सफाई भी की गई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक सराहनीय कदमः वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर के एसीएल हॉल में सोमवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पर अकादमिक विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।



मौके पर महिलाओं के राजनी. तिक प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वार्मा ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के शैक्षिक, आर्थिक एवं कानूनी सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं और नारी शक्ति वंदन अधिनियम- 2023 के माध्यम से महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को भी सुनिश्चित किया गया है, जो एक सराहनीय कदम है। कहा कि महिलाओं को मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप से भी सशक्त होना आवश्यक है ताकि वे अपने अधिकारों के लिए सशक्त रूप से खड़ी हो सकें। कार्यक्रम में कार्यवाहक कुलपति प्रो. एनएस पंवार ने कहा कि भारतीय समाज में सदैव मजबूत महिला नेतृत्व रहा है, लेकिन विधायिकाओं में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। यह अधिनियम न केवल उनकी संख्या बढ़ाएगा बल्कि नेतृत्व को भी सुदृढ़ करेगा। प्रो. पंवार ने कहा कि इन क्षेत्रों की महिलाएं विशेष चुनौतियों का सामना करती हैं। यह अधिनियम उन्हें अपने मुद्दों को उठाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

**■ गढ़वाल विवि में नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम आयोजित**

राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. एमएम. सेमवाल ने अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और इसके शीघ्र क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। अतिथि वक्ता प्रो. मंजू प्रकाश गुसाईं ने कहा कि जब समाज में असंतुलन होता है, तब ऐसे विधेयकों की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में डॉ. अमरजीत सिंह परिहार ने कुल. पति का संदेश पढ़ते हुए कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से नीतिनिर्माण में मानवीय मूल्यों, संवे. दनशीलता और समावेशिता का समावेश होगा। मौके पर कार्यक्रम संयोजक प्रो. सीमा धवन ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता भट्ट ने किया, जबकि प्रो. आरएस फर्त्याल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियमः भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का नया युग शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुधा गुप्ता ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्त नेतृत्व की दिशा में ऐतिहा. सिक कदम बताता। सोमवार को जिला मुख्यालय के लोकनिर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' के तहत एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में महिला सशक्तिकरण की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक ऐतिहासिक कदम बताता है, जिसने देश की राजनीति और सामाजिक संरचना में नए युग की शुरुआत कर दी है। उन्होंने कहा कि वर्षों से संसद और विधानसभाओं में अपनी भागीदारी की प्रतीक्षा कर रही करोड़ों महिलाओं का इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है।

**■ महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण पर दिया जोर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह अधिनियम महिलाओं को न केवल राजनीतिक अधिकार देता है, बल्कि उन्हें नीति-निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करता है। इस अधिनियम को लोकतंत्र में नए संत. ुलन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

उन्होंने कहा कि देश की लगभग 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है, लेकिन अब तक उनकी भागीदारी निर्णय लेने वाली संस्थाओं में सीमित रही थी। यह असंतुलन लोकतंत्र के पूर्ण विकास में बाधा बनता रहा है। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती ललिता सेमवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, सरिता पडियार, सरिता नौटियाल, मिरा उनियाल, सावित्री मखलोगा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र गगाडी आदि मौजूद रहे है।

# स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए : मुख्यमंत्री



■ बल्लूपुर चौक में नगर निगम, देहरादून के आयोजित "स्वेच्छा से स्वच्छता" कार्यक्रम में हुए शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को बल्लूपुर चौक में नगर निगम, देहरादून द्वारा आयोजित "स्वेच्छा से स्वच्छता" कार्यक्रम में प्रतिभाग कर प्रदेशवा. सियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं सफाई अभियान में भाग लेते हुए जनसामान्य को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

नगर निगम, देहरादून द्वारा 7 से 13 अप्रैल तक चलाए गए इस विशेष सफाई अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाना है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सफाई, कूड़ा निस्तारण तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। जब तक प्रत्येक नागरिक स्वेच्छा से इस दिशा में योगदान नहीं देगा, तब तक स्थायी परिवर्तन संभव नहीं है। हमें अपने घर, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी स्वयं निभानी होगी।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम, देहरादून के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं, ताकि स्वच्छता के प्रति जागरूकता निरंतर बनी रहे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, खजान दास, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, विधायक सविता कपूर, महामंत्री संगठन अजेय कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## जोशी ने पीएम मोदी के आगमन को लेकर मसूरी में लोगों को दिया निमंत्रण

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज मसूरी मॉल रोड़ बाजार में जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यापारियों, स्थानीय लोगों और पर्यटकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को देहरादून दौरे के कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से आत्मीय मुलाकात कर जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में लोगों से फीडबैक भी प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर प्रदेशवासियों में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा केदार की पावन धरती से उत्तराखंड को 21वीं सदी का तीसरा दशक समर्पित होने की बात कही थी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, सतीश ढौंढियाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# महिला आरक्षण के मुद्दे पर व्यापक सहमति बनाने को सीएम ने लिखा पत्र

■ मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी सांसदों और राजनी. तिक दलों के प्रदेश अध्यक्षों से किया आह्वान

■ संसद में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का भी किया अनुरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी 16 अप्रैल से संसद में प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष सत्र से पहले एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य के सभी सांसदों और विभिन्न राजनी. तिक दलों के प्रदेश अध्यक्षों को पत्र भेजा है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने महिला आरक्षण के मुद्दे पर व्यापक सहमति बनाने और संसद में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

अपने पत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आगामी 16 अप्रैल से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर एक विशेष विमर्श हेतु एक विशेष सत्र आयोजित होने जा रहा है। यह अवसर हमारे लो. कतांत्रिक मूल्यों को और सुदृढ़ करने के साथ-साथ देश की आधी आबादी को निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में अधिक प्रभावी रूप से शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम प्रस्तुत करता है। एक समावेशी समाज का निर्माण तभी संभव है जब उसकी महिलाएँ समान अवसरों के साथ आगे बढ़ें और नेतृत्व की भूमिकाएँ निभाएँ। आज देश की बेटियाँ स्पेस से लेकर स्पोर्ट्स तक, सशस्त्र बलों से लेकर स्टार्ट-अप्स तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं और अपनी मेहनत व संकल्प से नए मानक स्थापित कर रही हैं। सार्वजनिक जीवन में उनकी बढ़ती भागीदारी हमारे समाज में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्ष 2023 में सभी दलों के सांसदों ने एकजुट होकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया था, जो भारतीय लोकतंत्र की एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज है। इसके क्रियान्वयन को लेकर संसद में विचार हुआ था और सभी दलों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की थी कि इसके प्रावधानों को यथाशीघ्र लागू किया जाना चाहिए। विशेषज्ञों, संवैधानिक विद्वानों और राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों के आधार पर यह स्पष्ट हो चुका है कि अब इस अधिनियम को उसकी पूर्ण भावना के साथ लागू करने का समय आ गया है। यह निर्णय लिया गया है कि 2029 के लोकसभा चुनाव तथा आगामी विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों को पूर्ण रूप से लागू करने के बाद ही संपन्न हों, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और शासन व्यवस्था में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

# क्षेत्रफल के आधार पर परिसीमन करने की मांग

■ विधानसभा की सीटें घटी तो बढ़ेगा पलायन: नैथानी

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दून में प्रस्तावित आगमन का उत्तराखंड समानता पार्टी की और से स्वागत करते हुए पर्वतीय जनपदों में क्षेत्रफल के आधार पर परिसीमन करने, यूजीसी के नए संशोधनों को रोल बैक करने की मांग की गई है। पार्टी ने शहर के प्रमुख स्थानों पर पोस्टर लगाकर अपनी मांगों को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास किया है। पार्टी का मानना है कि यदि जनसंख्या आधारित परिसीमन हुआ तो राज्य गठन का उदेश्य ही समाप्त हो जाएगा। पर्वतीय जनपदों में विधानसभा सीटे घट जाएंगी, जिससे पलायन बढ़ेगा।

वही दूसरी ओर सहस्त्रधारा रोड स्थित धरना स्थल एकता विहार जाकर पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रांतीय रक्षक दल के कार्मिकों के 18मार्च से चल रहे धरने का समर्थन किया। पूर्व नौकरशाह विनोद रतूड़ी के नेतृत्व में चल रहे राजधानी गैरसैंण बनाओ आंदोलन का भी समर्थन किया गया।

पार्टी प्रतिनिधियों में राष्ट्रीय महासचिव संगठन श्रीधर प्रसाद नैथानी, प्रमुख सलाहकार व अखिल भारतीय समानता मंच के राष्ट्रीय महासचिव विनोद प्रकाश नौटियाल व मीडिया प्रमुख विनोद कुमार धस्माना आदि शामिल थे।

# जनता के सवालों का जवाब दें पीएम मोदी: गोदियाल



■ जनहित से जुटे दस बिंदुओं पर मांगा जवाब

■ भर्ती घोटालों, पेपर लीक व अंकिता भण्डारी हत्याकांड को लेकर सरकार पर निशाना साधा

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दस बिंदुओं पर सीधे जवाब मांगा।

गोदियाल ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे गंभीर मामले में भाजपा के दिग्गज नेताओं पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की और से सीबीआई जांच की बात कही गई थी, लेकिन 3-4 महीने बीत जाने के बावजूद जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने राज्य में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष पर चिंता जताई और कहा कि प्रधानमंत्री बताएं कि राज्य की सरकार क्या ठोस कदम उठा रही है? गोदियाल ने प्रधानमंत्री के 2017 के उस बयान की याद दिलाई, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी उत्तराखंड के काम आएगी', उन्होंने सवाल किया कि राज्य के युवाओं के लिए सरकार ने अब तक कौन-कौन सी प्रभावी योजनाएं लागू की हैं, जबकि हकीकत यह है कि नशाखोरी बढ़ रही है और युवाओं का भविष्य खतरे में है। उन्होंने उपनल कर्मचारियों, भर्ती घोटालों और पेपर लीक की घटनाओं को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। घरेलू गैस की कालाबाजारी व बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई। गोदियाल ने कहा, मैं केवल एक पोस्टमैन हूं। ये सवाल मेरे नहीं, बल्कि राज्य की जनता के हैं। प्रेस वार्ता का संचालन मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने किया। प्रेस वार्ता में प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा ज्योति रौतेला, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कर्नल राम रतन नेगी, प्रवक्ता राजेश चमोली व अभिनव थापर मौजूद रहे।

### 11 सालों में 886 स्कूल हुए बंद, पहाड़ी क्षेत्रों में खुली 55 नई शराब की दुकाने

देहरादून। शिक्षा के मुद्दे पर गोदियाल ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में 886 स्कूल बंद हो चुके हैं, जो चिंताजनक है। वहीं, पहाड़ी क्षेत्रों में 55 नई शराब की दुकानों के खुलने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि क्या सरकार के पास राजस्व बढ़ाने के लिए सिर्फ खनन और शराब ही विकल्प रह गए हैं? कानून व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार उत्तराखंड महिला अपराध में नंबर वन राज्य बन गया है , राज्य में महिलाएं, बच्चे, पत्रकार, पूर्व सैनिक, कोई भी सुरक्षित नहीं है। दिनदहाड़े हत्याएं और अपराध हो रहे हैं और सत्ताधारी दल के लोगों पर भी गंभीर आरोप लग रहे हैं।

## एक नजर .......

### उत्तराखण्ड को मिले ग्रीन बोनस व विशेष राज्य के दर्जे की सौगात: जोशी

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने कहा कि प्रदेश का पीछहत्तर प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र है जो देश को प्राण वायु देता है और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वन क्षेत्र होने की वजह से विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। प्रदेश में आपदा हर वर्ष आती हैं। प्रधानमंत्री उत्तराखंड आ रहे है और उत्तराखण्ड से उनका गहरा नाता है, ऐसे विषम परिस्थितियों वाले प्रदेश को ग्रीन बोनस का लाभ दिया जाए जिससे उत्तराखंड का विकास सही ढंग से हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर वर्ष आपदा आती रहती है जिससे प्रदेश को भारी नुकसान व तबाही होती है, आपदा ग्रस्त क्षेत्र होने से प्रदेश विकास की दौड़ में निरंतर पिछड़ता जा रहा है। उत्तरकाशी के धराली एवं थराली में आई भीषण विभीषिका ने उत्तराखंड वासियों की कमर तोड़ दी है ऐसे में प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री से उम्मीदें लगाए हुए है।

### शिक्षा के माहौल को प्रभावित कर रहे गाली बाज गायक: एसएफआई

**देहरादून।** डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून में हाल ही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई अशोभनीय घटना के विरोध में सोमवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया देहरादून के कार्यकर्ताओं ने प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान छात्रों ने कॉलेज परिसर की गरिमा और शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखने की मांग को उठाया। छात्रों का कहना था कि इस प्रकार की घटनाएँ न केवल शिक्षा के माहौल को प्रभावित करती हैं, बल्कि पूरे छात्र समुदाय के सम्मान को भी ठेस पहुँचाती हैं। एसएफआई ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इस मामले में शीघ्र और ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो छात्र समुदाय अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर जिला सचिव आयाज, शालू, रामसिंह, अब्दुल व सुहाना आदि मौजूद रहे।

### डीएम व एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**देहरादून।** डीएवी महाविद्यालय में गत दिनों छात्र संघ समारोह में हरियाणा के एक गायक मासूम शर्मा की और से मंच से उपस्थित श्रोताओं को गाली गलोज व अभद्रता की कडे शब्दों में निन्दा की गई है। उसकी गिरफ्तारी की मांग के लेकर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया। विभिन्न राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर आरयूपी के अध्यक्ष नवनीत गुंसाई, सीपीएम सचिव अनन्त आकाश, सीआईटीयू के जिला महामंत्री व डीएवी छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष लेखराज, राष्ट्रीय उत्तराखण्ड पार्टी महामंत्री बालेश बबानिया, सीआईटीयू जिला उपाध्यक्ष भगवन्त पयाल, उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार, नेताजी संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रभात डण्डरियाल, रविन्द्र नौडियाल, चिन्तन सकलानी, गुरूप्रसाद, हरीश कुमार व सन्नी भट्ट आदि शामिल थे।



### सूचना विभाग के पीआरडी कार्मिक लखेड़ा का हृदय गति रुकने से निधन



**देहरादून।** सूचना विभाग के पीआरडी कार्मिक विनोद प्रसाद लखेड़ा का 13 अप्रैल को हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया है। लखेड़ा 2010 से सूचना विभाग में निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे थे। वर्तमान में लखेड़ा मीडिया सेंटर विधानसभा में कार्यरत थे। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी तथा अपर निदेशक सूचना आशिष कुमार त्रिपाठी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। प्रभारी मीडिया सेंटर विधानसभा मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भी विनोद प्रसाद लखेड़ा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

# आधी आबादी को पूरे अधिकार की दिशा में निर्णायक होगा अधिनियम : दीप्ति

■ नारी शक्ति अधिनियम उद्बोधन सुन महिलाओं ने किया पीएम का आभार

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश में भाजपा के सभी जिला कार्यालयों में आज मातृ शक्ति सहभागिता के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पीएम मोदी का ओजस्वी संबोधन सुना। इस अवसर पर सभी लोगों ने एकस्वर में पीएम मोदी का इस ऐतिहासिक कदम के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही इस पहल को आधी आबादी के पूरे अधिकार की दिशा में निर्णायक एवं दूरगामी प्रभाव वाली नीति बताई।

बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत और महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट के नेतृत्व में सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं और सामाजसेवियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सभी ने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा महिला अधिकारों और विशेषकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर दी गई विस्तृत जानकारी को ध्यान से सुना।

इस मौके पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत ने मोदी का इस ऐतिहासिक पहल के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ये कानून महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा, यह अधिनियम में महिलाओं को दिए अधिकार से विकसित भारत निर्माण में मातृ शक्ति की अधिक से अधिक भागेदारी सुनिश्चित होगी।

इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को सुदृढ़ करने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। जो महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला साबित होगा। कार्यक्रम में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं और समाजसेवी मातृशक्ति के साथ पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, महामंत्री कुंदन परिहार, तरुण बंसल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान समेत अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## पीएम के दौरे से पहले दून पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ, देखी व्यवस्था



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** दून में पीएम मोदी के दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पहले देहरादून पहुंचकर व्यवस्था देखी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए उत्तराखंड तैयार है। पीएम मोदी कल 11,963 करोड़ की लागत से बने 213 किमी लंबे दून-दिल्ली ऐलिवेटेड एक्सप्रेस-वे की सौगात देंगे। इसके अलावा एक हजार मेगावाट क्षमता के देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे।इससे पहले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पहले देहरादून पहुंचकर व्यवस्था देखी। साथ ही उत्तराखंड और यूपी की सीमा पर बने मां डाट काली मंदिर में माता रानी के दर्शन कर लिया आशीर्वाद भी लिया।

# दून में प्रदीप चौहान को मिली बड़ी जिम्मेदारी

■ सर्व मानवाधिकार समाज सुरक्षा के जिलाध्यक्ष बने

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** सर्व मानवाधिकार समाज सुरक्षा संगठन ने उत्तराखंड में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देते हुए बड़ा विस्तार किया है। देहरादून जिले की कमान अब प्रदीप चौहान को सौंप दी गई है। संगठन की ओर से प्रदेश के 7 जिलों में जिलाध्यक्षों के साथ-साथ महिला व युवा मोर्चा के पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है।

संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष बबली चौहान ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक सुरक्षा देश के सामने एक गंभीर चुनौती के रूप में उभर रही है।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष वीर नौटियाल ने बताया कि लंबे समय से प्रदेश के सभी जिलों में संगठन के विस्तार और नई नियुक्तियों को लेकर मंथन चल रहा था। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।

# डीएवी कॉलेज में चाकू चलना, गाली-गलौच होना कॉलेज की शान पर धब्बा: हरीश

■ गायक मासूम शर्मा की गिरफ्तारी को लेकर मुखर हुए कई संगठन

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** डीएवी पीजी कॉलेज में छात्र संघ समारोह कार्यक्रम में बुलाए गए गायक मासूम शर्मा पर गाली-गलीज करने का आरोप है। इस मामले में देहरादून पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया है, वहीं, इस मामले में कई संगठनों ने ज्ञापन सौंप कर गिरफ्तारी की मांग उठाई है।

इस बवाल के दौरान वहां निर्दलीय विधायक उमेश कुमार पर भी सवाल उठ रहें हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता जताई है। राजनीति के साथ सामाजिक मुद्दों को लेकर मुखर रहने वाले हरीश रावत ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा-डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून के छात्र संघ समारोह में मुख्यमंत्री भी थे, कुछ मंत्रीगण भी थे, निश्चित तौर पर विधायक और प्रशासन तंत्र के बड़े अधिकारी भी रहे होंगे, पुलिस के अधिकारी भी रहे होंगे। एक दिन पहले उसी मंच पर मैं भी छात्रसंघ समारोह में सम्मिलित होने गया था। मेरे साथ कुछ भाजपा के नेतागण भी थे और मंच पर जाना व छात्रों से बातचीत करना हमेशा गर्व का विषय रहा है। लेकिन इस बात से मैं बहुत चिंतित हूं कि वहां मंच पर जिस तरीके के गाने गाए जा रहे हैं, जिस तरीके का सांस्कृतिक बारूद उत्तराखंड में लाया जा रहा है, उसके आगे हमारी प्रकृति व परंपराओं आधारित लोगों के दु:ख-सुख के साथ ऊपजी संस्कृति, बोली-भाषा, गाने, गीत-संगीत पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा? मेरे लिए यह अत्यधिक चिंता का विषय है। वहां चाकू चलना और मंच से गाली-गलौच होना यह कॉलेज की शान में धब्बा है। जिस दिशा की तरफ देहरादून, हल्द्वानी आदि क्षेत्र जा रहे हैं, संस्कृति के नाम पर अपभ्रंश संस्कृति पनप रही है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिला योजना समितियों की बैठकें अप्रैल माह तक करें आयोजित: सीएस

■ सचिव समिति की बैठक में मुख्य सचिव न दिए निर्देश, कुंभ - 2027 के कार्यों की ली जानकारी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि जिला योजना समितियों की बैठकें अप्रैल माह तक अनिवार्य रूप से आयोजित करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसके लिए अपने जनपदों के प्रभारी मंत्रियों से बैठक की तिथियां शीघ्र निर्धारित किए जाने की बात कही। उन्होंने जिलाधिकारियों को जनपद स्तरीय वनाग्नि समितियों और ग्रीष्मकालीन पेयजल समितियों की बैठकें भी शीघ्र आयोजित कर अपना प्लान शीघ्र प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कुंभ - 2027 के कार्यों की अद्यतन जानकारी भी ली। उन्होंने सभी निर्माण संबंधी ऐसे कार्य जो कुंभ क्षेत्र में शुरू होने हैं, उनका शीघ्र जीओ जारी कर निर्माण कार्य शुरू करवाए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कुंभ - 2027 के दौरान कुंभ क्षेत्र में यातायात, पार्किंग और रूट प्लान सहित जंक्शन इम्प्रूवमेंट पर भी विस्तार से चर्चा की एवं मेलाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सचिव पीडब्ल्यूडी से भी विभिन्न महत्त्वपूर्ण स्थानों पर साइनेज आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने पूंजीगत व्यय के नए कार्यों की स्वीकृतियां 30 मई तक जारी किए जाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि मानसून के कारण कार्य प्रभावित इसके लिए सभी आवश्यक स्वीकृतियां 30 मई तक अनिवार्य रूप से जारी कर दी जाएं। उन्होंने सभी कार्यों की प्राथमिकताएं भी तय किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान प्रदेश में एलपीजी गैस वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाए जाने के साथ ही कालाबाजारी रोके जाने के लिए कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने विभागों एवं जनपदों में भी ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों द्वारा अपने जनपद स्तरीय कार्यालयों में भी 100 प्रतिशत ई-ऑफिस लागू किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को फारेस्ट लैंड ट्रांसफर के मामलों में तेजी लाने के लिए के लिए इसके लिए गठित जनपद स्तरीय समितियों की बैठकें निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से आयोजित कर ली जाएं। एवं इनसे सम्बन्धित प्रस्तावों को शासन एवं वन विभाग को तत्काल भेजे जाएं ताकि आगे की कार्रवाई हो सके। मुख्य सचिव ने जनगणना कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी निर्धारित कार्यों को ससमय पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। जनगणना कार्य में तकनीकी सहायक शीघ्र अपॉइंट किया जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव एल फैनाई, आर मीनाक्षी सुंदरम, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, डॉ पंकज कुमार पांडेय, चंद्रेश कुमार यादव, श्रीधर बाबू अद्धांकी, रविनाथ रमन, डॉ आर राजेश कुमार, विनोद कुमार सुमन, रणवीर सिंह चौहान, आनंद स्वरूप, डॉ अहमद इकबाल आदि मौजूद रहे।

# 28 से प्रारंभ होगी मां जगदीशिला डोली रथ यात्रा

■ यात्रा 13 जनपदों से होकर पवित्र विशोन पर्वत पर सम्पन्न होगी

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** बाबा विश्वनाथ माँ जगदीशिला की 28 दिवसीय पावन डोली रथ यात्रा 2026 के आयोजन को लेकर गढ़वाल मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को देहरादून स्थित होटल सौरभ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य गजेन्द्र सिंह राणा ने की, जबकि यात्रा संयोजक व पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, सामा. जिक कार्यकर्ता एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए यात्रा संयोजक मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि यह डोली रथ यात्रा हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष यात्रा को पूर्व वर्षों की तुलना में अधिक भव्य, सुव्यवस्थित एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाया जाएगा। इसके लिए व्यापक स्तर पर सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं जनसंपर्क अभियान चलाए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, पूर्व विधायक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा से पहले खाद्य सुरक्षा पर सख्ती, 14 ढाबों-होटलों पर छापेमारी

## लाइसेंस न होने पर 4 ढाबों को नोटिस

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा के मद्देनजर जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने खाद्य सुरक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में संचालित होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट और खाद्य दुकानों पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाए, ताकि यात्रियों को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा है कि चारधाम यात्रा के दौरान हरिद्वार में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में खाद्य पदार्थों में मिलावट, ओवर रेटिंग और स्वच्छता में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से निरीक्षण कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को विशेष अभियान चलाते हुए नेशनल हाईवे-58 के बहादराबाद क्षेत्र में स्थित ढाबों, होटलों और रेस्टोरेंट्स का औचक निरीक्षण किया। यह अभियान सहायक आयुक्त खाद्य महिमानंद जोशी के निर्देशन में तथा वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान कुल 14 ढाबों, होटलों और रेस्टोरेंट्स की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 4 ढाबों में फूड लाइसेंस न तो प्रस्तुत किया गया और न ही प्रदर्शित किया गया था। इस पर टीम ने संबंधित संचालकों को मौके पर ही नोटिस जारी करते हुए २ दिनों के भीतर फूड लाइसेंस बनवाकर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एक ढाबे में व्यवसाय के प्रकार के अनुरूप पंजीकरण नहीं पाया गया। वह ढाबा पेटी रिटेलर के रूप में पंजीकृत था, जबकि वहां रेस्टोरेंट के रूप में संचालन किया जा रहा था। इस पर विभाग ने संचालक को फूड रजिस्ट्रेशन संशोधित कर उचित श्रेणी में पंजीकरण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड भी नहीं पाया गया। इस पर टीम ने सभी संबंधित प्रतिष्ठानों को तत्काल फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट्स में इस बोर्ड का प्रदर्शित होना अनिवार्य है।

इस डिस्प्ले बोर्ड में खाद्य व्यवसाय से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों के साथ-साथ प्रतिष्ठान का नाम, पता, फूड लाइसेंस नंबर और संपर्क विवरण अंकित होता है। इसके अलावा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) नई दिल्ली का टोल फ्री नंबर 1800112100, व्हाट्सएप नंबर 986868868 तथा एफडीए उत्तराखंड का टोल फ्री नंबर 18001804246 भी प्रदर्शित किया जाता है, ताकि कोई भी ग्राहक खाद्य सुरक्षा से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सके। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। विभाग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चारधाम यात्रा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त भोजन मिले।

# गुरुकुल कांगड़ी विवि के बाहर छात्रों पर जानलेवा हमला, तमंचा लहराते हुए पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के बाहर सोमवार शाम उस समय दहशत फैल गई जब 25-30 युवकों के एक गुट ने तीन छात्रों पर हमला कर दिया। शिकायत के अनुसार, विश्वविद्यालय परिसर निवासी कुलदीप कुमार का पुत्र देव कुमार अपने साथी विनायक और हिमांशु के साथ शाम को घूमने निकला था। जैसे ही वे गेट नंबर-6 के पास पहुंचे, हमलावरों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया और गेट नंबर-3 के पास उन्हें घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने छात्रों पर तमंचा तान दिया और फिर लाठी-डंडों से उन पर टूट पड़े। इस हमले में देव और विनायक को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें अस्पताल में कई टांके लगाने पड़े। पीड़ित पक्ष का कहना है कि एक दिन पहले भी आरोपियों ने उन्हें धमकी दी थी। कनखल थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की पहचान की जा रही है।

## स्कूटी सवार तीन भाइयों को रोककर दबंगों ने पीटा, एक युवक की आंख में गंभीर चोट

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र के जमालपुर में दबंगों ने रास्ते में रोककर तीन सगे भाइयों के साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना के वक्त हिमांशु कुमार अपने भाइयों नितिन और रितिक के साथ बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वे फुटबॉल ग्राउंड के पास पहुंचे, कुछ युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और बिना किसी वजह के गाली-गलौच शुरू कर दी।

विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया, जिसमें हिमांशु की आंख में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ितों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और अपना मेडिकल कराया। पुलिस ने इस मामले में प्रणव शर्मा, शिवराज, रणवीर उर्फ लवी और काकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कनखल थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# एक्स मुस्लिम यात्रा को लेकर गंगा अध्यक्ष के बयान पर स्वामी रामविशाल दास ने किया पलटवार

## श्री गंगा सभा से की नितिन गौतम व उज्जवल पंडित को सभा से बाहर करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** एक्स मुस्लिम यात्रा को लेकर उठे सवाल एवं आरोप प्रत्यारोपों के बीच स्वामी रामविशाल दास महाराज ने श्री गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम एवं तीर्थ पुरोहित उज्जवल पंडित के बयान पर पलटवार किया है। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान स्वामी रामविशाल दास ने कहा कि वे एक्स मुस्लिम यात्रा के ना तो संयोजक हैं, ना ही आयोजक हैं। वे केवल मुस्लिम से हिंदू बने लोगों का सम्मान करने पहुंचे थे। लेकिन श्री गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम ने उन्हें कालनेमि कहकर संतों का अपमान किया है। रामविशाल दास ने कहा कि संत बनने के बाद वे संत परंपरांओं का पूरी तरह पालन कर रहे हैं। संतों के प्रचार प्रसार के चलते ही पूरे देश से लोग हरकी पैड़ी आते हैं। एक संत को कालनेमि बताने वाले व्यक्ति को श्री गंगा सभा का अध्यक्ष रहने का कोई अधिकार नहीं है। श्री गंगा सभा को नितिन गौतम व उज्जवल पंडित को तुरंत बाहर करना चाहिए। स्वामी रामविशाल दास ने गंगा सभा अध्यक्ष को डिबेट की चुनौती भी दी और कहा कि यदि किसी के टोपी पहनने पर आपत्ति थी तो मौके पर इसे रोका जा सकता था। लेकिन कार्यक्रम के दौरान किसी ने कोई आपत्ति नहीं जतायी। बाद में विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संतों के अपमान के इस मुद्दे को लेकर बुधवार को संत समाज की बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। बैठक के दौरान विनोद ने कहा कि एक्स मुस्लिम शब्द इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। सनातन हिंदू संस्कृति में विश्वास जताकर हिंदू धर्म अपना चुके लोगों को अब हिंदू ही कहा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि संतों को कालनेमि कहने का किसी कोई अधिकार नहीं है। स्वामी देवानंद ने कहा कि किसी भी तरह के आरोप लगाने से पहले सत्यता जाननी चाहिए। जिससे विवाद उत्पन्न ना हो।

## कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किया डा.अंबेडकर को नमन

# आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं बाबा साहेब के विचार : गोदियाल

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** अंबेडकर जंयती के अवसर पर कांग्रेस की और से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टिबड़ी स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी शामिल हुए और बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी मजबूती से खड़ी है और कांग्रेस कार्यकर्ता समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि डा.अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान देश की एकता और अखंडता की गारंटी है, जिसकी रक्षा करना आज सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब पूरी मानवता के पथ प्रदर्शक थे और कांग्रेस उनके सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। संजय पालीवाल और वीरेंद्र रावत ने कहा कि हम सबको संकल्प लेकर बाबा साहेब के मिशन को जन-जन तक पहुंचाना होगा। इस अवसर पर रविश भटीजा, तीरथ पाल रवि, बालेश्वर सिंह, अशोक शर्मा, मदन लाल, संतोष चौहान, राव आफाक, फुरकान अली, जगत सिंह रावत, गोपाल दत्त जोशी, सतेंद्र प्रधान, पूनम भगत, सुनील अरोड़ा, तेज प्रकाश साहू, ओपी चौहान, सुंदर मनवाल, दीपक कपूर, राजीव चौधरी, सौरव सैनी, लता जोशी, अंजू मिश्रा, गार्गी राय, उत्कर्ष वालिया, विक्रम शाह, उपेंद्र, जेपी शर्मा, मनोज जाटव, महेश प्रताप राणा, राजबीर चौहान, सोम त्यागी, मनोज सैनी, आशु श्रीवास्तव, विमला पाण्डेय, कैलाश भट्ट, दिव्यांश अग्रवाल, मनोज धनगर, सुनील सिंह, तेलु राम, नलिनी दीक्षित, उदय सिंह, मकबूल कुरैशी, विमल चौधरी, राजेंद्र भारद्वाज, बीना जाटव, नौमान अंसारी, शहाबुद्दीन, कपिल पाराशर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

# महिला पर साथ रहने का बनाया दबाव इनकार करने पर ईट मारकर स्कूटी तोड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर पुलिस ने एक महिला के साथ अभद्रता करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नवोदय नगर की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि 12 अप्रैल को जब वह अपनी बेटी के साथ सेक्टर-4 क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी पंकज कुमार नाम के युवक ने उनकी स्कूटी रोक ली। आरोप है कि पंकज महिला पर जबरन शादी करने और उसके साथ रहने का दबाव बनाने लगा। जब महिला ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर खींचने की कोशिश की और ईंट मारकर उसकी स्कूटी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपी ने खुदकुशी की धमकी देकर महिला को डराने का भी प्रयास किया। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## सिडकुल में युवती को जबरन उठाने की कोशिश

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र के आनेकी हेतमपुर गांव में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। यहाँ पांच युवकों ने एक घर में घुसकर शादी समारोह में आई एक युवती को जबरन अगवा करने की कोशिश की। युवती पारुल, जो मुजफ्फरनगर की रहने वाली है और अपनी बुआ के घर आई थी, तीन अप्रैल की दोपहर घर में काम कर रही थी। तभी विनीत, सुधांशु, विशू और दो अन्य अज्ञात युवक घर में घुस आए और युवती को बाल पकड़कर जबरन बाहर खींचने लगे। जब युवती की बहन और बुआ की बेटी उसे बचाने के लिए आगे आईं, तो आरोपियों ने उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गईं शोर सुनकर जब आसपास के ग्रामीण इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी युवती को छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सिडकुल थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# फ्लाईओवर पर ट्रक से टकराई कार दिल्ली के सात श्रद्धालु घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सोमवार दोपहर दिल्ली से हरिद्वार आ रहे श्रद्धालुओं की कार प्रेमनगर आश्रम चौक फ्लाईओवर पर भीषण हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि आगे चल रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रही तेज रफ्तार कार सीध ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग अंदर ही फंस गए।

हादसे के समय मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही सीपीयू और यातायात पुलिस की टीम तुरंत राहत कार्य के लिए पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला। घायलों की पहचान दिल्ली के तुगलकाबाद निवासी नीलम (39), जयप्रकाश (55), किशोर (47), विनोद कुमार (40), सर्वेश (55), सत्य प्रकाश (60) और राजबहादुर (58) के रूप में हुई है। ये सभी कनखल में एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने आ रहे थे। घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कनखल थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फ्लाईओवर पर खड़े खराब वाहन और अचानक ब्रेक लगना हादसे की मुख्य वजह लग रही है, मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

# देवी देवताओं का स्वरूप धरण कर नृत्य करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़े के पदाधिकारियों ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज को पत्र सौंपकर धार्मिक शोभायात्राओं और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में देवी देवताओं का स्वरूप धारण कर नृत्य करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पत्र सौंपने के दौरान श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि धार्मिक शोभायात्राओं और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में कलाकारों द्वारा देवी देवताओं का स्वरूप धारण कर अश्लील नृत्य कर हिंदू आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसे अखंड परशुराम अखाड़ा कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि कलाकारों के हिंदुओं के इष्ट देवी देवताओं का स्वरूप धारण कर अश्लील नृत्य करने पर प्रतिबंध लगाने के लिए अखाड़ा परिषद तत्काल कार्रवाई करे। पडित अधीर कौशिक ने बताया कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान स्वामी कार्तिकेय महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, आचार्य पवन कृष्ण शास्त्री, आचार्य विष्णु शर्मा, कुलदीप शर्मा, ऋषि शर्मा, अमित कुमार, दिनेश, सुमित कुमार, चवन गिरी आदि मौजूद रहे।

# अलावलपुर निवासी महिला ने मारपीट व जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव अलावलपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रीता पत्नी महीपाल उर्फ गुगा निवासी ग्राम अलावलपुर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि १८.०३.२०२६ को उसका पति अपनी दुकान पर गाड़ी का टायर पेचर जोड रहा था तभी वहां उसका जेठ रघुबीर पुत्र ओम प्रकाश, शिवाराम पुत्र ओमप्रकाश व अनुराग पुत्र रघुवीर, कन्हैया पुत्र रघुवीर आये जो हमारे से पुरानी रंजिश रखते है। सभी ने एक राय होकर मा बहन की गन्दी गन्दी गलिया देने लगे। रीता ने जब इनका विरोध किया तो सभी ने मारपीट शुरू कर दी। रीता के सौर मचाने पर गांव के ही राकेश पुत्र श्यामु व बीर सिंह पुत्र बलराम आदि लोग आये और उन्हे मुशकिल से छुड़वाया। आरोप है कि जाते जाते जान से मारने की धमकी देकर गये है और कहा है कि सारी सम्पती के मालिक तुम्हें मार कर हम होगें। रीता पत्नी महीपाल गुंगा की तहरीर पर पुलिस ने सभी के खिलाफ सर्म्बधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अखिल भारत हिंदू महासभा का मनाया स्थापना दिवस

## संगठित होकर सम्मान की लड़ाई लड़ें हिंदू : डा. मुन्ना

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** अखिल भारत हिंदू महासभा का 112वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। कनखल स्थित राजपूत धर्मशाला में आयोजित स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.मुन्ना कुमार शर्मा ने कार्यकर्ताओं को भारत को अखंड हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डा.मुन्ना कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदुओं को संगठित होकर अपने सम्मान की लड़ाई लड़नी होगी। देश के महान शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता हिंदू हितों को लेकर काम कर रहे हैं। डा. मुन्ना कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदुओं की समस्याओं के समाधान के लिए भारत को अखंड हिंदू राष्ट्र बनाना है। हिंदुओं के संरक्षण संवधन में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। देश के प्रमुख पदों पर हिंदू रहेंगे तो हिंदुओं की सुरक्षा प्रगति निश्चित रूप से होगी। गौ माता की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र बनने से गौ हत्या पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगेगा। समान नागरिकता कानून लागू किया जाएगा। लव जेहाद पर प्रतिबंध, संतों और हिंदू धर्म ग्रंथों का सम्मान सुरक्षित होगा। महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी महाराज ने आह्वान किया कि हिंदू संस्कृति एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को तत्पर रहना चाहिए। हिंदू संस्कृति, गौ, गंगा, गीता की रक्षा केवल हिंदू महासभा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि हिंदू संगठित होंगे तो अपने हितों को लेकर संघर्ष भी किया जा सकता है। महामंडलेश्वर स्वामी आदि योगी पुरी ने कहा कि हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए युवा पीढ़ी को भी आगे आने होगा। युवा अपने महापुरूषों के जीवन दर्शन से प्रेरणा लें और सनातन संस्कृति को आत्मसात कर आगे बढ़ें। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री वीरेश त्यागी ने सभी अतिथीयों का स्वागत करते हुए कहा कि स्थापना दिवस में उमड़ी अपार भीड़ हिंदू राष्ट्र के प्रति लोगों के उत्साह का संकेत है। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि भारत सरकार को गौ माता को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करना चाहिए और गौ हत्या पर प्रतिबंध लगाने के साथ सख्त कार्रवाई का प्रावधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करें और देश के प्रति समर्पित रहें। इस अवसर पर डा.जनार्दन उपाध्याय, अभय सिंह कुलकर्णी, पंडित अशोक शर्मा, स्वामी अरूमुगम, युद्धिष्ठर त्यागी, सुनील कुमार, वीरेश त्यागी, मोहन, अनिल पंवार, संजीव सिंह राणा, विवेक वशिष्ठ, गौरव त्यागी, मनोज त्यागी, एके त्यागी, मुकुल कुमार, अनिल कांत भटनागर, आचार्य जुगुंद्र भारद्वाज, अशोक त्यागी, सतीश रावत, वीरम भाई देसाई, जितेंद्र सिंह, मोहन कोरेमारे, कन्हैया लाल रायकवाड़, उदय कुमार, एके शर्मा सहित बड़ी संख्या में महासभा के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# बुक्कनपुर निवासी युवक ने मारपीट का लगाया आरोप, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव बुक्कनपुर निवासी एक व्यक्ति ने मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार मनजीत सिहं पुत्र मोहब्बत सिहं निवासी ग्राम बुक्कनपुर ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपने एक साथी जोनी (कंचन) पुत्र राजकुमार के साथ देवेन्द्र प्रधान के घर किसी काम से गए थे। प्रधान के घर से वापसी के समय रास्ते में पहले से घात लगाये खड़ा एक व्यक्ति चमकार पुत्र हमरभजन सिहं जिसके हाथ में लाठी थी। चमकार ने जान से मारने की नियत से उनपर हमला कर दिया। अचानक हमला होते ही दोनो ने बामुश्किल अपनी जान बचाई जिसमें जोनी को चोट लगी है। प्रकरण में मंजीत पुत्र मोहब्बत निवासी बुक्कनपुर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# इब्राहिमपुर झगड़े के फरार 6 आरोपियों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता



**पथरीं।** क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर दो पक्षो में हुए खूनी संघर्ष में फरार चल रहे छह आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी ठिकाने बदल बदल कर अन्य स्थानों पर रह रहे थे। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के आदेश अनुसार पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दिनांक 7/4/26 को ग्राम इब्राहिमपुर में दो पक्षों में हुये झगडे में जमकर लाठी डंडे व पत्थरबाजी हुई थी। मामले में दो परिवारों का भूमि विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हुआ जिसमें एक पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ सर्बधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के साथ ही सभी लोग लापता हो गए। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिये मुखबिर तंत्र व एसओजी की मदद ली जिसके बाद पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस टीम ने 9 फरार आरोपियों में से छह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सावेज पुत्र मुजम्मिल, इसरार पुत्र अब्दुल रजाक, मुजम्मिल पुत्र अब्दुल रजाक, सलमान पुत्र इसरार, साजिद पुत्र अब्दुल रहमान, समीर पुत्र इसरार समस्त निवासी गण ग्राम इब्राहिमपुर बताया है आरोपियों पर पुलिस ने इनाम भी घोषित किया था। पकड़े गए सभी छह आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेजा गया। पुलिस टीम में व. उ.नि. उपेन्द्र सिंह, उ.नि. बबलू चौहान, राकेश नेगी, सुशील कुमार, ब्रह्मदत्त जोशी आदि समिल है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया इब्राहिमपुर झगड़े में फरार छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का स्वागत, जया मैक्सवेल अस्पताल में सम्मान समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** हरिद्वार के बहादराबाद स्थित जया मैक्सवेल अस्पताल में 13 अप्रैल को उत्तराखंड सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। हाल ही में उन्हें पंचायती राज, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास, आयुष एवं आयुष शिक्षा, पुनर्गठन तथा जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिस पर अस्पताल परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक डॉ. कुमार प्रशांत के नेतृत्व में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई। अपने संबोधन में डॉ. कुमार प्रशांत ने कहा कि मदन कौशिक को प्रदेश के अहम विभागों की जिम्मेदारी मिलना उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज, आपदा प्रबंधन और आयुष शिक्षा जैसे विभाग सीधे तौर पर आम जनता से जुड़े हुए हैं और इनके प्रभावी संचालन से प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मंत्री के अनुभव और नेतृत्व में इन क्षेत्रों में नवाचार देखने को मिलेगा, जिससे जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा।

इस अवसर पर मंत्री मदन कौशिक ने अस्पताल प्रबंधन एवं स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी आपदा प्रबंधन व्यवस्था की रीढ़ होती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आयुष पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। साथ ही जया मैक्सवेल अस्पताल द्वारा क्षेत्र में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, प्रबंधन वर्ग और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और कर्मचारियों ने मंत्री से संवाद भी किया। अस्पताल के जनसम्पर्क अधिकारी सुनील कुमार लहरी ने बताया कि इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी समन्वय को मजबूत करने का संदेश दिया है।

# रैली निकालकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**समस्याओं के समाधान की उठाई मांग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सेविका/मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड के बैनर तले ब्लॉक चकराता की कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को रैली निकालते हुए उपजिलाधिकारी चकराता को नायब तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

संगठन की ब्लॉक कोषाध्यक्ष आशिया बानो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चकराता छावनी स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय से तहसील परिषद तक रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए नायब तहसीलदार के माध्यम से उपजिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने बताया कि उत्तराखंड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और कार्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने प्रमुख मांग के रूप में मानदेय वृद्धि का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा उनके मानदेय में 140 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि की जाए, साथ ही केंद्र सरकार को 150 रुपये प्रतिदिन बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा जाए। इसके अतिरिक्त कार्यकर्ताओं ने सेवानिवृत्ति से जुड़े प्रावधानों में स्पष्टता लाने की मांग की। उनका कहना है कि जब तक सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये देने संबंधी शासनादेश लागू नहीं होता, तब तक उनके खातों से 300 रुपये की कटौती न की जाए।

कार्यकर्ताओं ने बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था का भी विरोध करते हुए इसे समाप्त करने की मांग रखी। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर कोष अध्यक्ष आशिया बानो, रेखा राणा, अंजू, वर्षा, ममता, झूलो, निशा, मीना, प्रेमा, इंद्रा, उर्मिला, सुशीला, मीरा, आशा सहित अनेक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन, पूर्व प्रधान विजयपाल ने जताई दावेदारी

**टिकट नहीं दिया तो निर्दलीय के रूप में मैदान में उतरेंगे**

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेलाकुई।** हरिपुर खेड़ा मंदिर सेलाकुई में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व पूर्व प्रधान विजयपाल सिंह बर्तवाल ने किया, जिसमें क्षेत्रवासियों के साथ विस्तृत वार्तालाप कर उनकी राय जानी गई।

इस दौरान विजयपाल सिंह बर्तवाल ने कहा मैं भाजपा का सिपाही हूं यदि पार्टी मुझे टिकट देती है तो वह पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे, अन्यथा वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता पार्टी की विचारधारा के साथ रहकर चुनाव लड़ने की है और टिकट मिलने पर वे पूरी मजबूती से अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

उन्होंने कहा उनका मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना और क्षेत्र में विकास कार्य की गति लेना है। बैठक में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने भी अपने सुझाव और समर्थन व्यक्त किया।

इस अवसर पर सभासद पंकज थापा राम सिंह मेहरा, दीपक कंडारी, मनोज पंवार, किरण पंवार, वीर सिंह रावत, ईश्वर मनोगा, इसमपाल, बिजेंद्र बर्तवाल, सरद रावत, भगीरथ भट, बालमुकुंद तिवारी, निरंजन चौहान, रमेश, जितेंद्र गुप्ता, भारत भूषण वशिष्ठ, अशोक नेगी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान सुंदर थापा ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस का दामन थामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** देहरादून में सुंदर थापा पूर्व प्रधान सहसपुर ने अपने साथियों सहित कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, अपने लगभग 25-30 साथियों को लेकर देहरादून वेडिंग पॉइंट में पहुंचे वहां पर उन्होंने कांग्रेस की महासचिव व उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा को फूलों का गुलदस्ता देकर उत्तराखंड में इनका स्वागत किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के कोषाध्यक्ष आरेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष संजय किशोर, संजय किशन ने सभी लोगों का फूल माला पहनकर अपने नए साथियों का स्वागत किया। आरेंद्र शर्मा ने कहा की सुंदर थापा जैसे समाजसेवी जो हमेशा समाज के लिए कार्य करते हैं और साफ छवि रखते हैं ऐसे लोगों



**15 सालों से विकास के नाम पर लोगों को जा रहा गुमराह: अरेंद्र शर्मा**

के कांग्रेस में आने से कांग्रेस पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में जो पिछले 15 सालों से विकास के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा था, 2027 में जनता इसका जवाब देगी। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रीतम सिंह, नव प्रभात, हरक सिंह रावत, यशपाल आर्य, हीरा सिंह बिष्ट व कांग्रेस के सभी नेता मौजूद थे।

सदस्य ग्रहण करने वालों में जितेंद्र गुप्ता, सोनू, बिलाल, हारून, आक. श चौधरी, अनिल, चमन, वैभव सिंह, अशोक, शुभम, मुकेश, मान. सिंह, शिवम, जयदीप चौहान, महेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, कमल, यूनुस, नवाब अली, फुरकान, अंकित आदि शामिल थे।

# 17 अप्रैल को जिला मुख्यालय टिहरी का घेराव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं व प्रदेश के विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस 17 अप्रैल को जिला मुख्यालय टिहरी का घेराव करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रतापनगर क्षेत्र की लगातार उपेक्षा कर रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक कहा कि उत्तरकाशी को जोड़ने वाली डोबरा-मोटणा सड़क की हालत बेहद खराब है, जिससे आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। साथ ही सरकार ने फिकवाल व गंगाड़ी समुदाय को केंद्रीय सूची में शामिल करने का वादा अब तक पूरा नहीं किया है। कई बार संपर्क करने और सदन में मुद्दा उठाने के बावजूद पांच वर्ष बीत जाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। विधायक ने सेम-मुखेम मंदिर में कैनोपी निर्माण, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति, पीड़ी वन व पीड़ी टू के पर्यटन विकास, टिहरी मेडिकल कालेज की स्थापना को शीघ्र मंजूरी देने की मांग भी उठाई।

इसके अलावा रिंग रोड पर होम-स्टे, होटल और दुकानों का भुगतान व्यावसायिक दरों पर किए जाने, गैस की कालाबाजारी रोकने और आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, जंगली जानवरों के हमलों से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि दहशत में जी रहे लोगों को राहत मिल सके। विधायक ने बताया कि प्रस्तावित जन आक्रोश रैली में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में भागीदारी करेगी।

# यमुनोत्री यात्रा से पहले हाई अलर्टः आईजी ताकवाले ने लिया सुरक्षा जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** आगामी यमुनोत्री धाम यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।

इसी क्रम में यात्रा के नोडल अधिकारी एवं पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) अनंत शंकर ताकवाले ने 11 अप्रैल को पूरे यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डामटा, बड़कोट, पालीगाड़, डाबरकोट से लेकर जानकीचट्टी और यमुनोत्री धाम तक सुरक्षा, यातायात और सुविधा व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा गया। विशेष रूप से भू-स्खलन संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर वहां किए गए सुरक्षा इंतजामों का आकलन किया गया। आईजी ताकवाले ने निर्देश दिए कि पूरे यात्रा मार्ग और धाम पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। घाटों पर फायर सर्विस, एसडीआरएफ और क्विक रिस्पॉन्स टीम (ऽत्ज्) की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा गया। संवेदनशील और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के भी निर्देश दिए गए।

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रमुख पड़ावों, पार्किंग स्थलों और धाम क्षेत्र में सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी रखने



और संदिग्ध व्यक्तियों का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया। बाहरी वाहन चालकों का पूरा रिकॉर्ड रखने के निर्देश भी दिए गए। जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम तक करीब 5-6 किमी के पैदल मार्ग पर भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष योजना बनाने के निर्देश दिए गए। घोड़ा-खच्चर और डंडी-कंडी के संचालन में रोटेशन प्रणाली लागू करने और यात्रा के दबाव के अनुसार वैकल्पिक मार्ग तैयार रखने पर जोर दिया गया। स्वच्छता को लेकर भी सख्ती दिखाते हुए "हॉर्स पॉप" योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और कूड़ा निस्तारण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। फिसलन भरे और ढलानदार मार्गों की नियमित सफाई को भी अनिवार्य बताया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा कराने और अधिक दबाव होने पर फूलचट्टी व राणाचट्टी जैसे होल्डिंग क्षेत्रों में अस्थायी रोक लगाने के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने तथा शाम के बाद पैदल मार्ग पर आवाजाही रोकने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक चंचल शर्मा, प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन का लक्ष्य है कि इस वर्ष यमुनोत्री यात्रा श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित अनुभव बने।

# पछवादून के विभिन्न स्कूलों में वैशाखी पर्व व डॉ. अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय, विकासनगर तथा हरबर्टपुर, द एनफील्ड स्कूल, शिवालिक एकेडमी, सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में आज वैशाखी पर्व एवं भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम से किया गया। प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को फसलों के इस पावन पर्व के महत्व से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत सेपियंस स्कूल के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने वैशाखी विषय पर आधारित गीत, विचार एवं कविताओं की सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। वहीं कक्षा पाँचवीं के छात्रों ने वैशाखी से संबंधित गीतों



पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत पंजाब का प्रसिद्ध लोकनृत्य 'गिद्दा' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसी क्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों एवं अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया।

हरबर्टपुर शाखा में भी कक्षा आठ एवं नवम के छात्राओं ने 'आई बैसाखी' एवं 'मेले चलिए' गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं कक्षा सात की बालिकाओं ने 'आई बैसाखी' गीत प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। इसके पश्चात डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विकासनगर विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, विद्यालय निर्देशिका रश्मि गोयल, व विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। विकासनगर। द एनफील्ड स्कूल में बैसाखी पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा रंगारंग पंजाबी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओ.पी.चुग ने विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने, कठिन परिश्रम करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया।

विकासनगर। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज बाबूगढ विकासनगर में डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जयन्ती तथा बैशाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य बाज सिंह, छत्रपाल सिंह, बिमलेश त्यागी, गुलजार सिंह तथा अन्य छात्र छात्राओं के द्वारा माँ सरस्वती व भीम राव अंबेडकर के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। बाज सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर एक महान भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्हें भारतीय संविधान का जनकश् कहा जाता है। उधर सेलाकुई में स्थित शिवालिक एकेडमी में बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की शिक्षिका पूजा नेगी द्वारा बैसाखी के महत्व के संक्षिप्त परिचय से हुई। इसके बाद मंच रंगारंग प्रस्तुतियों से जीवंत हो उठा।

# जौनसार-बावर के चिकित्सकों को स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा के प्रांतीय अधिवेशन में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने जौनसार-बावर क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सा अधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों को उनके योगदान के लिए विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में उत्कृष्ट प्रशासनिक सेवा के लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ. दिनेश चौहान, बाल रोग



विशेषज्ञ के रूप में डॉ. नीतू तोमर, मसूरी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. खजान सिंह तथा त्यूनी के प्रभारी डॉ. नरेंद्र राणा शामिल रहे। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने इस दौरान कहा कि जौनसार-बावर जैसे दुर्गम क्षेत्र में चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सेवाएं सराहनीय हैं और इनका योगदान स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी चिकित्सकों को भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत सेलाकुई पुलिस का अपराधियों पर वार जारी

**पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेलाकुई।** ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों पर सेलाकुई पुलिस वार जारी है। पुलिस ने स्कूल में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को वादी जितेन्द्र सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी सचिव डी0डी0 स्कूल, के0 बी0 थापा मार्ग सेलाकुई ने थाना सेलाकुई पर तहरीर दी कि 8 व 9 तारीख के मध्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके स्कूल से विद्युत तार, ड्रिल मशीन, लकडी कटर, रोटर मशीन आदि उपकरण चोरी कर लिया है, पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना सेलाकुई पर धारा-305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण को थानाध्यक्ष सेलाकुई द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 11 तारीख को घटना में शामिल आरोपी विकास भण्डारी पुत्र मायाराम भण्डारी निवासी पीठ वाली गली ईदगाह के पास थाना सेलाकुई को थापा गली स्थित एक खेत से चोरी किये गये माल 2 ड्रिल मशीन, 1 लकड़ी काटने वाला कटर, 1 गैलेंडर मशीन, 1 रौटर मशीन लकड़ी काटने वाली, 1 ट्रांसफार्मर वाली मशीन के तार के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरूद्व एक आर्म्स एक्ट और एक बीएनएस में मुकदमा दर्ज है। पुलिस टीम में एसआई प्रवेश रावत, हेड कांस्टेबल नीरज शुक्ला, सिपाही बृजेश रावत शामिल रहे।

# जनता दरबार में 58 शिकायतें दर्ज, अधिकांश शिकायतों का निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आम जनमानस की समस्याओं को सुनने तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे जनमानस ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया।

जनता मिलन कार्यक्रम में विभागों से संबंधित कुल 58 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, शेष शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान पुनर्वास संबंधित, मुआवजा के मामले अधिक रहे जिस पर जिलाधिकारी ने को टीएचडीसी नियमानुसार संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए इसके अलावा तहसील प्रतापनगर के ग्राम मुखेम निवासी श्रवण कुमार भट्ट एवं रविन्द्र प्रसाद भट्ट द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मुखेम के सरकारी भवन के पास से मुखेमदृधंगणगांव मोटर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। उक्त मोटर मार्ग के समरेखण की स्वीकृति बताई जा रही है, परंतु मार्ग हेतु अधिग्रहित भूमि का प्रतिकर (मुआवजा) अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।

इस संबंध में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, टिहरी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

जयपाल सिंह कैरवाण द्वारा विकासखण्ड जौनपुर के थत्यूडदृअग्यारना (7 कि.मी.) मोटर मार्ग के जीर्णोद्धार, डामरीकरण एवं नाली निर्माण की मांग की गई। साथ ही ग्राम कांडा जाख की प्रधान मोनिका पंवार द्वारा मसरानादृकिमोई मोटर मार्ग के अवशेष 3 कि.मी. भाग की वित्तीय स्वीकृति तथा अग्यारनादृजाख पर्यटक स्थल (4 कि.मी.) हेतु वन भूमि हस्तांतरण की मांग की गई। इन सभी प्रकरणों पर डीएम ने लोक निर्माण विभाग, थत्यूड को जांच आख्या उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए गए।

तहसील धनोल्टी के ग्राम सैंजी निवासी सब्बल सिंह एवं सियाराम द्वारा अनुग्रह अनुदान राशि के भुगतान की मांग पर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।तहसील प्रतापनगर के ग्राम खांड निवासी प्रेम दत्त न्यूली द्वारा जून 2024 में टिहरी बांध परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि का 50: मुआवजा न मिलने की शिकायत जिलाधिकारी ने पर महाप्रबंधक, टीएचडीसी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और शिकायतों के निस्तारण की जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर एडीएम एके सिंह , सीएमओ श्याम विजय, डीडीओ मो .असलम सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

# पालिका हरबर्टपुर ने लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** स्वच्छता कार्य योजना विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर में पालिका अध्यक्ष नीरू देवी के नेतृत्व में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिए जाने के मकसद से स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।

जिसमें पालिका अध्यक्ष नीरू देवी एवं समस्त वार्ड सभासदों, जॉनसन स्कूल हरबर्टपुर, के अध्यापकों, छात्र छात्राओं, पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक जितेंद्र सिंह, वरिष्ठ सहायक अभिनव कौशिक, मंगल सिंह, लिपिक मनोज बिष्ट, निर्माण लिपिक आशुतोष शर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर, पर्यावरण सुपरवाईजर मनीष चौहान व समस्त पर्यावरण मित्रों ने प्रतिभाग किया।

# प्रस्तावित हेलीपैड के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

**निर्माण कार्य रोकने की मांग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकासखंड कालसी क्षेत्र के बिरमोऊ काण्डीदृरामताल (खत शैली) में प्रस्तावित हेलीपैड निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस मुद्दे पर छोटोऊ, नगऊ और क्यावा सहित चार गांवों के लोगों ने माख्टी पोखरी में एक बैठक आयोजित कर अपना विरोध दर्ज कराया।

बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेते हुए प्रस्तावित स्थल को लेकर गंभीर आपत्तियां जताईं। सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में ग्रामीणों ने कहा कि हेलीपैड निर्माण से क्षेत्र के चारागाह, पेयजल स्रोत और पारंपरिक मार्ग प्रभावित होंगे, जिससे स्थानीय जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से तत्काल इस निर्माण कार्य को रोकने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर हेलीपैड प्रस्तावित है, वह गो-चुगान (चारागाह) क्षेत्र के समीप स्थित है, जहां से बिरमोऊ काण्डी से रामताल जाने वाला पारंपरिक पैदल मार्ग भी गुजरता है। यह मार्ग धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है और चालदा महाराज के बरांश मार्ग के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा, क्षेत्र में देवदार के घने जंगल मौजूद हैं और छोटोऊ तोक की पेयजल योजना की पाइपलाइन भी इसी इलाके से होकर गुजरती है। ग्रामीणों का कहना है कि हेलीपैड निर्माण से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के साथ ही जल आपूर्ति और धार्मिक मार्ग पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित स्थल राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी संवे. दनशील है।

इन सभी कारणों से ग्रामीणों में गहरा असंतोष व्याप्त है और वे किसी भी कीमत पर इस निर्माण को स्वीकार नहीं करेंगे। बैठक में चौतन चौहान, प्रदीप तोमर, संजय सिंह तोमर, अरुण चौहान, कुशीराम जोशी, अनिल तोमर, केशर सिंह, गितेश, शोभाराम जोशी, पूरन सिंह तोमर, धनीदास, कुंदन और गंभीर सिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने अपने विचार रखे और एकजुट होकर प्रशासन से निर्माण कार्य तत्काल रो. कने की मांग की।

# नाबालिग युवती को भगाने वाला नोएडा से गिरफ्तार

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने नाबालिक युवति को बहला फुसलाकर ले जाने वाला शातिर आरोपी को नोयडा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को वादी द्वारा कोतवाली सहसपुर पर एक तहरीर बाबत नाबालिग पुत्री (काल्पनिक नाम) को दानिश पुत्र अब्दुल रहमान निवासी रुद्रपुर द्वारा भगा ले जाने के संबंध में दी, जिसके आधार पर थाना सहसपुर पर धारा 137(2) बीएनएस मुकदमा दर्ज किया गया था। अपहृता की बरामदगी व आरोपी की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा आरोपी के मोबाइल नंबरों की सर्विलांस के आधार पर नोयडा उ0प्र0 से आरोपी दानिश पुत्र अब्दुल रहमान निवासी रुद्रपुर सहसपुर को गिरफ्तार कर अपहर्ता की सकुशल बरामदगी की गयी। पुलिस ने आरोपी के विरुध धारा 64/87 बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट की बढोतरी की गयी है।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद टिहरी, टिहरी गढ़वाल**

संख्या: 12 /न.पा.प.टि./सूचना/2026-27 — दिनांक 02.04.2026

**सूचना**

मा. उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार उत्तराखंड राज्य में पॉलीथिन, प्लास्टिक एवं थर्माकोल से निर्मित सभी उत्पाद प्रतिबंधित हैं। जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद टिहरी क्षेत्रान्तर्गत पॉलीथिन, प्लास्टिक एवं थर्माकोल से निर्मित सभी गिलास, प्लेट, दोना, कैरी बैग का उपयोग/भण्डारण/बिक्री करना पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। यदि किसी प्रतिष्ठान, व्यक्ति, व्यापारी के पास पॉलीथिन/थर्माकोल में बनी सामग्री मिलती है तो पालिका द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। कृपया पर्यावरण व नदियों को प्रदूषण मुक्त तथा नगर क्षेत्र को स्वच्छ व पॉलीथिन मुक्त बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, टिहरी**

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद, टिहरी**

# प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर उत्साह व उत्सव का माहौल, मिलेंगी कई सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को महत्वाकांक्षी परियोजना दिल्ली देहरादून इकोना.मिक कॉरिडोर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही यह एक्सप्रेसवे आम लोगों के लिए विधिवत रूप से खुल जाएगा और उत्तर भारत की कनेक्टिविटी को एक नई दिशा मिलेगी। देहराद.ूनवासी भी इस परियोजना का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस परियोजना के पूरे होने से देहरादून स्थित डाट काली मंदिर आने वाले यूपी के श्रद्धालुओं को 1 से डेढ़ घंटे का समय लगेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर शासन-प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी व्यवस्थाओं और तैयारियों का कई बार मौके पर जाकर निरीक्षण किया है। प्रधानमंत्री मोदी के 14 अप्रैल को आगमन के दौरान 12 से 14 किमी का रोड शो भी होगा, जिसे भव्य और ऐतिहासिक बनाने की पूरी तैयारी की गई है।

**देहरादून से दिल्ली का सफर के दौरान मिलेगी जाम से मुक्ति**

उत्तराखंड की राजधानी देहराद.ून से दिल्ली का सफर अब रुकावट, जाम और ज्यादा समय लेने वाले सफर से मुक्त होने जा रहा है। यह सफर देहरादून की हरी भरी वादियों के बीच बने डाट काली मंदिर के पास बनी टनल से शुरू होता है। यह सिर्फ एक राज्य से दूसरे राज्य तक जाने की यात्रा नहीं, बल्कि बदलते भारत की रफ्तार को करीब से देखने का मौका है। पीएम मोदी 14 अप्रैल को इस एक्सप्रेसवे का विधिवत रूप से उद्घाटन करने वाले हैं.



■ प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर बेसब्री से इंतजार

देहरादून डाट काली मंदिर के पास स्थित टनल से एक्सप्रेव की शुरुआत होती है। इस टनल के भीतर आधुनिक लाइटिंग वेंटिलेशन और मजबूत कंक्रीट की दीवारें एहसास कराती हैं कि अब मानों पहाड़ों को चीरकर विकास ने अपना रास्ता बना लिया हो. टनल से बाहर निकलते ही सीधी चौड़ी और चमचमाती सड़क नजर आती है।

## डाट काली मंदिर में पूजा करेंगे पीएम मोदी

14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देहरादून दौरा केवल एक सरक.ारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि बहुस्तरीय राजनीतिक, धार्मिक और प्रतीकात्मक संदेशों से भरा हुआ माना जा रहा है। एक ओर जहां यह दौरा उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के रूप में देखा जा रहा है।

**उत्तर भारत के सफर की बदल जाएगी परिभाषा**

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का सफर उत्तर भारत के सफर की परिभाषा बदलने वाला है। करीब 210 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे सिर्फ दूरी को कम नहीं करता है, बल्कि समय को भी समिति करता है. पहले देहरादून से दिल्ली पहुंचने में 5 से 7 घंटे का समय लगता था। खासकर रुड़की और मुजफ्फरनगर जैसे इलाकों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता था. लेकिन अब यह सफर महज ढाई से तीन घंटे में पूरा होगा. यह बदलाव सिर्फ यात्रियों के लिए राहत ही नहीं, बल्कि यह व्यापार, आपातक.ालीन सेवाओं और रोजमर्रा की आवाजाही के लिए भी एक बड़ी क्रांति साबित होगा।

**एक्सप्रेस वे को माना जा रहा उत्तर भारत का गेम चेंजर**

एक्सप्रेस वे के खुलने से जो दूरी पहले पूरे एक दिन का प्लान मांगती थी, अब वही सफर सुबह निकलकर दोपहर से पहले पूरा किया जा सकता है। यही वजह है कि इस एक्सप्रेसवे को उत्तर भारत का गेम चेंजर कहा जा रहा है। देहरादून से दिल्ली एयरपोर्ट जाने वाले लोग या दिल्ली से देहरादून, मसूरी जाने वाले लोग सभी के लिए ये समय बचाने और सुरक्षित सफर का एक शानदार हाईवे बन सकेगा।

करीब 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से तैयार एक्सप्रेस दिल्ली के अक्षरधाम से शुरू होकर उत्तर प्रदेश के बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर जैसे चार अहम जिलों को जोड़ते हुए सीधे देहरादून पहुंच रहा है।

## सीएम ने जसवंत ग्राउंड पहुंचकर किया तैयारियों का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 14 अप्रैल को देहरादून में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर व्यवस्थाओं की स्थिति का गहन अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग सुविधाएं, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था और स्वच्छता सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन में आने वाले लोगों की सुविधा सर्वोपरि रहे और इसके लिए सभी इंतजाम निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने पर बल देते हुए विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक सेवाओं को तत्पर रखने की आवश्यकता भी जताई। जसवंत ग्राउंड में मंच, दर्शक दीर्घा एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानक.ारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां सुनियोजित और व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाएं। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता और सौंदर्यीकरण कार्यों को भी प्राथमिकता देने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है और इसकी सफलता सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की साझा जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय, आईजी राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी सविन बंसल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा: आर्य**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सभी में उत्साह का माहौल है और उनके स्वागत की भव्य तैयारियां की जा रही हैं। मंत्री ने कहा कि देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे यात्रा का समय कम होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और व्यापार व रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही राज्य की राजधानी से देश की राजधानी तक कनेक्टिविटी और अधिक मजबूत होगी।

# आज घोषित होगी मद्महेश्वर व तुंगनाथ के कपाट खुलने की तिथि

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर एवं तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तथा चल विग्रह उत्सव डोलियों के शीतक.ालीन गद्दी स्थलों से धाम प्रस्थान का शुभ मुहूर्त आज वैसाखी पर्व के पावन अवसर पर घोषित किया जाएगा।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार प्रत्येक वर्ष वैसाखी के दिन विद्वान आचार्यों एवं तीर्थ पुरोहितों की उपस्थिति में पंचांग का गहन अध्ययन कर कपाट उद्घाटन की तिथियां निर्धारित की जाती हैं। इस अवसर पर दोनों शीतकालीन गद्दी स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के प्रभारी अधिकारी डीएस भुजवाण ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट खुलने की तिथि एवं चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ से धाम के लिए प्रस्थान का शुभ मुहूर्त वैसाखी पर्व पर पंचांग गणना के आधार पर घोषित किया जाएगा। यह घोषणा मंदिर समिति के पदाधिकारियों, विद्वान आचार्यों एवं हक-हकूकधारियों की उपस्थिति में की जाएगी। उन्होंने बताया कि तिथि घोषणा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

वहीं, तुंगनाथ धाम के प्रबंधक बलवीर सिंह नेगी ने बताया कि तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट खुलने की तिथि एवं चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ से धाम के लिए प्रस्थान का मुहूर्त भी वैसाखी पर्व पर ही पंचांग गणना के अनुसार घोषित किया जाएगा। इस दौरान विद्वान आचार्यों एवं हक-हकूकधारियों की मौजूदगी रहेगी।

## विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट, गंगोलीहाट, कपकोट एवं बागेश्वर से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा

# लंबित घोषणाओं पर 20 दिनों में शासनादेश करें जारी: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट, गंगोलीहाट, कपकोट एवं बागेश्वर से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन घोषणाओं पर अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उनके संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि लंबित घोषणाओं पर अधिकतम 20 दिनों के भीतर शासनादेश जारी कर दिए जाएं, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की देरी न हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य सरकार के मूल मंत्र "सरल.ीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि" के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का संबंधित क्षेत्र के विधायकगणों के साथ समन्वय स्थापित कर उनका प्रभावी समाधान निकाला जाए, ताकि विकास कार्यों की गति बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने बैठक में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वन भूमि स्थानांतरण से जुड़े मामलों की जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए।

उन्होंने कहा कि वन भूमि से संबंधित प्रक्रियाओं में तेजी लाकर विकास कार्यों में बाधा को दूर किया जाए।

बैठक में विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, विधायक कपकोट सुरेश गड़िया, विधायक बागेश्वर पार्वती दास, वर्चुअल माध्यम से विधायक गंगोलीहाट फकीर राम, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगौली, एस.एन.पाण्डेय, संबंधित विभागीय सचिव, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष भटगांई, जिलाधिकारी बागेश्वर आकांक्षा कोण्डे मौजूद थे।



■ मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य सरकार के मूल मंत्र "सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि" के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए

**पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित सड़कों के रख-रखाव के लिए संबंधित विभागों की समन्वय समिति की जाए गठित**

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निर्मित सड़कों के रख-रखाव के लिए संबंधित विभागों की एक समन्वय समिति गठित की जाए। उन्होंने कहा कि इस समिति द्वारा सड़कों के मेंटिनेंस कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम और सुरक्षित बना रहे। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सड़कों के पैच वर्क का कार्य वर्षाकाल से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने खेल अवसंरचना के विकास पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर खेल मैदानों के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है, वहां 15 दिनों के भीतर आवश्यक धनराशि जारी की जाए, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# सीएम ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए दी 118 करोड़ की धनराशि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की सड़कों, पुलों विभिन्न जनपदों में कार्यालय एवं आवासीय भवनों के निर्माण, सीवर लाईनों के सुदृढ़ीकरण के साथ ही कुंभ मेले से संबंधित अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 118 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल में तल्ला रामगढ़ रातीघाट (श्री अरविन्दों सारणी) मोटर मार्ग के कि०मी० 1 से 8 के मध्य विकास एवं मरम्मत कार्य के लिए 5.29 करोड़ तथा मुख्यमंत्री घोषणा के तहत

जनपद अल्मोडा के विधानसभा क्षेत्र रानीखेत व सल्ट के अन्तर्गत खैरना-रानीखेत रामनगर राज्य मार्ग सं0-14 के मो.हान से गनियाद्योली प्रभाग को 1.50 लेन में परिवर्तित कर सुधारीकरण एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य के लिए 5.75 करोड़, जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 87 (109) के काठगोदाम से रानीबाग खंड पर 75 मीटर स्पान वाले स्टील ट्रस ब्रिज का निर्माण कार्य के लिए 11.78 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

■ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल के मुख्यालय स्थित तहस.ीलदार एवं नायब तहसीलदार आवासीय भवन टाईप-03 (04 यूनिट) व टाईप-4 (01 यूनिट) के निर्माण कार्य के लिए 1.66 करोड़, राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन ओल्ड ऑफिसर्स कॉलोनी रेसकोर्स, देहरादून में अवस्थित गिरासू भवनों के ध्वस्तीकरण के उपरान्त रिक्त भूमि पर श्रेणी-02 स्तर के कुल 31 आवासएवं श्रेणी-04 स्तर के कुल 10 आवास के निर्माण कार्य के लिए 21.29 करोड़ के साथ जनपद चम्पावत के अन्तर्गत तहसील पूर्णागिरी (टनकपुर) में जिलाधिकारी चम्पावत के कैम्प कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण कार्य के लिए 4.78 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम की आमवाला, देहरादून जलोत्सारण योजना के लिए 18 करोड़, रिस्पना ट्रंक सीवर के सुदृढीकरण कार्य की जलोत्सारण योजना के लिए 2.67 करोड़ तथा रिंग फैसिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद देहरादून की देहरादून शाखा के अन्तर्गत शक्ति विहार, निरंजनपुर क्षेत्र में सीवर नेटवर्क बिछाने की योजना के लिए 2.47 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला-2027 के प्रस्तावित विभिन्न विभागों के 32 कार्यों के लिए 44.15 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों के अनुकरण से सशक्त बनेगा नया भारत : धामी**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए डॉ. अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने देश की एकता, अखण्डता और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने वाला संविधान देश को प्रदान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों के अनुकरण से हमारा देश सशक्त बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने दलित एवं वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ ही उन्हें समाज में समान अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबा साहेब ने भारतीय संविधान की संरचना में उल्लेखनीय योगदान देते हुए दलितों व कमजोर वर्गों के लोगों को आगे बढ़ाने में प्रभावी पहल की और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की।

# मुख्यमंत्री ने किया बाबा नीम करौली महाराज पर आधारित फिल्म के प्रोमो व पोस्टर का लोकार्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में श्री बाबा नीम करौली महाराज पर आधारित फिल्म के प्रोमो और पोस्टर का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म केवल एक सिनेमाई प्रस्तुति नहीं है, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और मानवता के उच्च आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि बाबा नीब करौरी महाराज का दिव्य जीवन आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी शिक्षाएँ सरलता, करुणा, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश देती हैं, जो वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर आधारित प्रयास भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह फिल्म समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी और नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने फिल्म से जुड़े सभी कलाकारों, निर्देशक एवं निर्माता दल को इस सराहनीय एवं आध्यात्मिक प्रयास के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव एवं स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, फिल्म निर्देशक शरद सिंह ठाकुर एवं अन्य कलाकार मौजूद थे।



■ कहा, श्रद्धा, भक्ति और मानवता के उच्च आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का एक सराहनीय प्रयास

# चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत सुरक्षा कवच तैयार

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** हिमालय की गोद में बसने वाली चारधाम यात्रा केवल श्रद्धा का प्रवाह नहीं, बल्कि जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन की एक कठिन परीक्षा भी है। हर साल लाखों श्रद्धालु कठिन पहाड़ी रास्तों से गुजरते हुए बाबा केदार और बद्री.विशाल के दर्शन के लिए निकलते हैं, लेकिन इस बार यात्रा केवल आस्था तक सीमित नहीं रहेगीख्रयह सुरक्षा और सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का भी नया उदाहरण पेश करेगी। पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा 2026 को "सुरक्षित, सुव्यवस्थित और संवे.दनशील" बनाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का ऐसा खाका तैयार किया है, जो पहले कभी देखने को नहीं मिला।



■ हर पड़ाव और हर मोड़ पर इलाज सुनिश्चित, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का अभूतपूर्व मॉडल बनाया

■ चारधाम यात्रा मार्ग पर 25 विशेषज्ञ डॉक्टर, 178 मेडिकल अधिकारी और 414 पैरामेडिकल स्टाफ तैनात

धामी सरकार ने इस बार चारधाम यात्रा को केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक संवे.दनशील और उच्च जोखिम वाला मिशन मानते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता के केंद्र में रखा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग पर किसी भी श्रद्धालु को इलाज के अभाव में परेशानी न हो। इसी दृष्टिकोण के तहत चारधाम जिलोंख्ररुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशीख्रमें पहले से मौजूद 47 स्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सक्षम बनाया गया है, जबकि 25 मेडिकल रिलीफ पोस्ट को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। सरकार का लक्ष्य है कि पहाड़ की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी स्वास्थ्य सेवाएं श्रद्धालुओं के एकदम करीब रहें। यही कारण है कि हर पड़ाव, हर मोड़ और हर महत्वपूर्ण स्थान पर चिकित्सा सहायता की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

**स्क्रीनिंग से ही सुरक्षा की शुरुआत:** चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए इस बार यात्रा की शुरुआत से पहले ही सतर्कता बरती जा रही है। देहरादून, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में 57 स्क्रीनिंग कियोस्क स्थापित किए गए हैं, जहां यात्रियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

इन कियोस्क के माध्यम से हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, शुगर और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त यात्रियों की पहचान कर उन्हें समय रहते सलाह और सहायता दी जा रही है। यह व्यवस्था न केवल संभावित हादसों को रोकने में मदद करेगी, बल्कि यात्रा को सुरक्षित बनाने में एक मजबूत शुरुआती कदम साबित हो रही है।

**केदारनाथ और बद्रीनाथ में मजबूत स्वास्थ्य ढांचा:** चारधाम यात्रा के सबसे चुनौतीपूर्ण पड़ाव-केदारनाथ और बद्रीनाथख्रमें स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर इस बार विशेष ध्यान दिया गया है। केदारनाथ में 17 बेड का अस्पताल पहले ही संचालित हो चुका है, जहां आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित डॉक्टरों की तैनाती की गई है। वहीं बद्रीनाथ में 50 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल जून तक शुरू होने जा रहा है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं होगी, क्योंकि अब गंभीर मरीजों को लंबी दूरी तय कर नीचे लाने की जरूरत कम पड़ेगी। स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज मिलने से जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी।


**हर मोर्चे पर प्रशिक्षित टीम तैनात**

चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे बड़ा आधार मानव संसाधन होता है, और इस बार सरकार ने इस मोर्चे पर कोई कमी नहीं छोड़ी है। विशेषज्ञ डॉक्टरों से लेकर पैरामेडिकल स्टाफ तक, हर स्तर पर मजबूत टीम तैयार की गई है। 25 विशेषज्ञ डॉक्टर, 178 मेडिकल अधिकारी और 414 पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा रोस्टर के आधार पर अतिरिक्त मेडिकल अधिकारियों और स्टाफ को भी लगातार जोड़ा जाएगा, ताकि किसी भी स्थिति में सेवाओं में बाधा न आए। विशेषज्ञ डॉक्टरों में फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, एनेस्थेटिस्ट और गायनेकोलॉजिस्ट शामिल हैं, जो हर तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे।

## पीएम के आगमन को लेकर जोशी ने किया पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंथन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज गढ़ी कैंट स्थित मेजर शहीद दुर्गा मल्ल पार्क में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कल 14 अप्रैल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखण्ड दौरे की तैयारियों बैठक की।



बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस अवसर पर आयोजित जनसभा को ऐतिहासिक बनाया जाना चाहिए। मंत्री जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि जनसभा में आम जनता की व्यापक उपस्थिति दर्ज हो सके। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे उत्साह और समर्पण के साथ जुटें और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, विष्णु गुप्ता, समीर डोभाल, किरन, संध्या थापा, निर्मला थापा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# हज हाउस पर हज यात्रियों को दी गई ट्रेनिंग

## हज यात्रा पर जाने वाले 441 हाजियों को सफर संबंधी जानकारी दी गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति की ओर से हज हाउस में हज 2026 पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें हज ट्रेनरों ने यात्रियों को हज यात्रा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।प्रशिक्षण में हरिद्वार जिले के 441 यात्रियों ने भाग लिया।

हज हाउस में आयोजित शिविर का शुभारंभ हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद,विधायक मो शहजाद और हज अधिकारी मो अहसान ने किया। इसके बाद मौजूद सभी आजमीन-ए-हज(यात्रियों) को प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर मौलाना आरिफ, मौलाना अरसद ने हज यात्रा की शुरुआत से लेकर घर वापसी तक की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई। उन्होंने हज के अरकान, उमरा और एहराम बांधने



की विधि सहित सभी आवश्यक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हज के लिए निकलना एक इबादत का सफर है, जिसमें इंसान खुदा की राह में कदम रखता है।इस दौरान अध्यक्ष खतीब अहमद ने यात्रियों को 'हज सुविधा' मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के साथ ही स्मार्ट वॉच के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट वॉच के माध्यम से यात्रियों को लोकेशन, स्वास्थ्य संबंधी अपडेट और जरूरी अलर्ट आसानी से मिल सकते हैं, जिससे यात्रा अधिक सुरक्षित और सुगम बनती है।साथ ही उन्होंने कहा कि सभी यात्री अपने साथ हेल्थ बुक साथ रखे। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि मक्का और मदीना में अल्लाह की बारगाह में अपने वतन हिन्दुस्तान की खुशहाली, अमन-शांति और तरक्की के लिए दुआ करें।उन्होंने बताया कि उत्तराखंड से इन बार 1348 हज यात्री हज यात्रा पर जा रहे हैं।हज यात्रा 18 अप्रैल से शुरू हो रही है।कार्यक्रम के अंत में हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद, ईओ मो. आरिफ, हज अधिकारी एवं अन्य मास्टर ट्रेनरों ने शिविर में पहुंचे सभी हज यात्रियों और मेहमानों का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर हज अधिकारी मो अहसान मो मन्नान रजा, समीम जाफरी,हाजी मुस्तकीम, हाजी इल्यास, अकरम साबरी, हाजी सईद हसन, अब्दुल कादिर, शाहिद, इजहार, रफत हुसैन, गुलशन आदि मौजूद रहें।

# 5 हजार का इनामी व एक वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ऑपरेशन प्रहारमें हरिद्वार पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत एक 5000/- का ईनामी वांछित व 01 वारंटी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। धोखाधड़ी मामले में 01 साल से फरार ईनामी को पुलिस ने गुजरात से दबोचा है। वहीं 02 साल से लगातार फरार चल रहा वारंटी भी पुलिस के शिकंजे में आ गया है।

जानकारी के अनुसार मुख्यालय स्तर से समूचे प्रदेश में प्रचलित ऑपरेशन प्रहार को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा निर्देश पर के तहत जनपद पुलिस लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। किए जा रहे प्रयासों के तहत कोतवाली मंगलौर पुलिस ने दौहरी सफलता हासिल करते हुए गुजरात निवासी 5000/-के ईनामी व 02 साल से फरार चल रहे वारंटी को दबोचा। कोतवाली मंगलौर में वर्ष 2025 में दर्ज घोखाधडी के मामले में पुलिस टीम ने 01 वर्ष से फरार चल रहे 5000/-का ईनामी है। वहीं दूसरी ओर मुखबिर खास की सटीक सूचना पर वारंटी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। ईनामी वांछित का विवरण-गोपाल हंसानन्द हरियानी पुत्र हंसानन्द निवासी ए-28 कल्याण नगर निकट झबरनगर बागोडिया रोड जिला बडोदरा गुजरातवारंटी का विवरण-विकास पुत्र काला निवासी ग्राम हरजौली जट्ट कोत0 मंगलौर हरिद्वार है।

# अफवाहों से बचें, गैस की कोई कमी नहीं : मनोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में गैस आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। छवि गैस एजेंसी के मैनेजर मनोज शर्मा ने साफ शब्दों में कहा है कि शहर में गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की कमी या संकट जैसी स्थिति नहीं है।



उन्होंने बताया कि छवि गैस की सप्लाई पूरी तरह सुचारू रूप से चल रही है और सभी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। मनोज शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन बुकिंग करें। ऐसा करने पर उन्हें बिना किसी देरी के गैस सिलेंडर मिल जाएगा। शहर में कई जगहों पर देखा जा रहा है कि लोग अफवाहों के कारण अनावश्यक चिंता में आ जाते हैं, लेकिन एजेंसी प्रबंधन लगातार लोगों को जागरूक करने में जुटा है। मनोज शर्मा खुद उपभोक्ताओं से संवाद कर उन्हें पूरी स्थिति समझा रहे हैं और भरोसा दिला रहे हैं कि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उनके मधुर व्यवहार और स्पष्ट जानकारी देने के तरीके से लोग काफी प्रभावित हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जिस तरह से मनोज शर्मा अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, उससे न केवल एजेंसी की छवि मजबूत हो रही है बल्कि पूरे स्टाफ के प्रति विश्वास भी बढ़ रहा है। लोगों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पारदर्शिता और समर्पण से ही व्यवस्था पर भरोसा कायम रहता है। मनोज शर्मा ने अंत में फिर दोहराया कि सभी उपभोक्ता नियमों का पालन करें, समय पर बुकिंग करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे।

## नशा तस्करो के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी

# 11.52 अवैध स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नशा तस्करो के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत लक्सर पुलिस ने 11.52 अवैध स्मैक के साथ 02 तस्करों को पकड कर न्यायालय में पेश किया है।

जानकारी के अनुसार जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (स्मैक/ चरस/ गांजा व अवैध शराब आदि) तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद पुलिस को निर्देशित गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में कोतवाली लक्सर पुलिस ने दिनाक 12.04.2026 को चैकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र से 02 व्यक्तियों को 11.52 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर एन0डी0पी0एस0 एक्ट में



अभियोग पंजीकृत किया गया। न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। विवरण आरोपित-नितेश कुमार पुत्र स्व0 सत्य प्रकाश निवासी ग्राम रेशम माजरी थाना डोईवाला जनपद देहरादून-समीर पाल पुत्र विनोद कुमार पाल निवासी ग्राम रेशम माजरी थाना डोईवाला जनपद देहरादून। विवरण बरामदगी-नितेश कुमार से 4.08 ग्राम स्मैक-मीर पाल से 7.44 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस टीम में उ0नि0 दीपक चौधरी-उ0नि0 कर्मवीर सिंह-हे0कानि0 शूरवीर तोमर-हे0कानि0 दीवान सिंह नेगी-कानि0 अरुण कुमार-कानि0 कपिल चौहान आदि शामिल रहे।

# अंबेडकर जयंती को लेकर गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना परिसर मैं पुलिस द्वारा कस्बे में अंबेडकर जयंती को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित लोगों को थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि शोभायात्रा के दौरान सांप्रदायिक सद भावना व शांति बनाए रखना आवश्यक है।

जानकारी के अनुसार थाना परिसर में सोमवार को पुलिस द्वारा अंबेडकर जयंती शोभा यात्रा के दृष्टिगत एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने वहां उपस्थित लोगों से कहा कि अंबेडकर जयंती शोभायात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना जितना पुलिस का काम है आप लोगों की भी उतनी ही जिम्मेदारी है। शोभा यात्रा में डीजे बजाने को लेकर कहा कि डीजे का वाइब्रेशन अधिक नहीं होना चाहिए जिससे किसी दूसरे व्यक्ति को परेशानी नहीं हो। पूर्व की तरह जिस मोहल्ले से शोभा यात्रा निकाली जाती रही है उसी रास्ते से शोभा यात्रा निकाली जाए कोई नई परंपरा शुरू न की जाए ।उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले



के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर मानसिंह राहुल कुमार उमेश कुमार ऋषि पाल राजेंद्र सिंह मुकेश कुमार रणवीर सिंह जय सिंह राणा मनोज कांबोज आदि उपस्थित रहे।

# चाकू के साथ एक युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** रविवार देर शाम पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम पुलिस ग्राम खाता खेड़ी के पास दो पहिया वाहन व वहां से आने जाने वालों की चौकिंग कर रही थी। उसी समय वहां से एक सँदिग्ध युवक जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस द्वारा उक्त युवक को आवाज दी गई। आवाज को अन देखा कर उक्त युवक दूसरी दिशा में जाने लगा। पुलिस द्वारा दौड़कर उक्त युवक को पकड़ लिया तथा तलाशी लेने पर उसके पास से एक लंबे फन वाला चाकू बरामद किया गया। युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अंकित पुत्र पप्पू निवासी ग्राम पनियाली थाना रुड़की बताया ।उक्त को गिरफ्तार कर थाने लाया गया तथा वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

# लक्सर बार सभागार में बाबा साहेब की 135वीं जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एडवोकेट एसोसिएशन लक्सर के बार सभागार में आज भारत रत्न और भारतीय संविधान के शिल्पकारडॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंतीअत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई।

जानकारी के अनुसार तिथि से पूर्व आयोजन का कारणबार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि डॉ. अंबेडकर की जयंती आधिकारिक रूप से 14 अप्रैल को होती है परंतु कल अवकाश होने के कारण न्यायालय बंद रहेगा इसी को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ताओं ने एक दिन पूर्व ही इस विशेषकार्यक्रम का आयोजन कियाप्रमुख वक्ताओं के विचार कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष उदय पाल पवार सचिव प्रवीण गोयल संयोजक पदम सिंह एडवोकेट विनोद जैमिनी व मोहर सिंह एडवोकेट ने बाबा साहेब के योगदान पर प्रकाश डाला उनके संबोधन के मुख्य बिंदु निम्नलिखित रहेसंविधान की शक्ति वक्ताओं ने कहा कि आज देश का प्रत्येक नागरिक जो सुरक्षा और अधिकार महसूस कर रहा है, वह पूरी तरह बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान की बदौलत हैशिक्षा और संघर्ष उन्होंने जोर दिया कि बाबा साहेब का जीवन संघर्षों और कष्टों से भरा था लेकिन उन्होंने कभी अपनी पढ़ाई से समझौता नहीं कियाउनकी जीवनी हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत हैवैश्विक पहचान यह गर्व का विषय है कि बाबा साहेब की जयंती केवल भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी बड़े सम्मान के साथ मनाई जाती है अपील केवल भाषणबाजी से बदलाव नहीं आता; हमें संविधान को गहराई से पढ़ना और समझना चाहिए।

बाबा साहेब ने कठिन परिस्थितियों में भारत को वह अनमोल उपहार दिया है जिसे आज पूरी दुनिया सलाम करती हैउपस्थितिइस गरिमामयी अवसर पर सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप सेअजय कुमार, संजीव कुमार, राजेंद्र कुमार अधिवक्तानीरज सागर राहुल कुमार, प्रवेश कंबोजश्रीमती ललिता बर्मन, पुष्पेंद्र सैनी, विजेंद्र सिंह और श्यामलाल जब्बार अंसारी मुस्तकीम अंसारी कार्यक्रम का समापन बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने के संकल्प के साथ किया गया

# पीएम दौरे से पहले किसानों की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने अपने कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसान काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराएंगे। भूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि किसान संगठन की ओर से प्रधानमंत्री को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपने की तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी संगठन द्वारा देहरादून प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया था, साथ ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को भी मांगों से संबंधित पत्र प्रेषित किया गया, लेकिन अब तक उस पर कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है।

# एनसीसी मिनिस्टीरियल संगठन का अधिवेशन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के मिनिस्टीरियल अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन का तृतीय द्विवार्षिक अधिवेशन में प्रदेशभर से आए संगठन के पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया ।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा व विशिष्ट अतिथियों श्याम वीर सैनी, राज्य मंत्री, शोभा राम प्रजापति, राज्य मंत्री, , नगर निगम रुड़की की महापौर अनिता ललित अग्रवाल, मिनिस्ट्रियल फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश बहुगुणा, संगठन के महामंत्री सुभाष रतुडी तथा हरिद्वार जनपद के जिला अध्यक्ष सईद अहमद, जिला महामंत्री रोहित कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति से मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके बाद एनसीसी संगठन के प्रतिनिधियों ने अतिथियों का स्वागत किया । अधिवेशन के दौरान संगठन की गतिविधियों, उपलब्धियों तथा वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि एनसीसी



केवल युवाओं के अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का माध्यम ही नहीं है, बल्कि इसके पीछे कार्य करने वाले कर्मचारी और अधिकारी इसकी रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा उठाई गई मांगें न्यायसंगत हैं और राज्य सरकार इनके समाधान के लिए गंभीरता से कार्य करेगी । उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इन मांगों को शासन स्तर पर प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निस्तारित करने का प्रयास किया जाएगा। संगठन के जिला अध्यक्ष रवि कपूर, नरेंद्र गैरोला, प्रमोद जोशी सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। हल्द्वानी से आए प्रतिनिधियों जावेद अहमद, नवीन सिंह ढैला, भगवत सिंह बिष्ट ने भी संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों के संरक्षण पर जोर दिया।

# कृष्णा नगर में झबरेड़ा विधायक का स्वागत, समस्याओं के समाधान का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कृष्णा नगर गली नंबर-20 में वर्षों बाद सड़क और जलभराव की समस्या दूर करने पर कॉलोनी वासियों ने मानव सेवा विकास समिति के बैनर तले झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र कुमार जाति का जोरदार स्वागत किया गया। क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान समाजसेवी दीपक लाखवान का भी सम्मान किया गया।

कृष्णा नगर स्थित गली नंबर बीस मे आयोजित कार्यक्रम में मानव सेवा समिति के अध्यक्ष विनय चौधरी ने कहा कि इस गली में वर्षों से जलभराव की समस्या थी जिसके कारण लोगों का आवागमन बेहद मुश्किल था तमाम जनप्रतिनिधि यहां आए और कार्य नहीं करवा पाए। लेकिन वर्तमान विधायक के प्रयासों से इस सड़क का निर्माण होने से लोगों को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था की मांग अभी भी क्षेत्रवासी कर रहे हैं। विधायक वीरेंद्र कुमार जाति ने कहा कि क्षेत्र में भाजपा की सरकार के विधायक, सांसद और दो-दो राज्यसभा सांसद होने के बावजूद कृष्णा नगर की समस्याओं की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि रुड़की नगर निगम क्षेत्र में भी भाजपा का ही मेयर होने के बावजूद स्थानीय समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के राज्यसभा सांसद अपनी निधि से प्रदेश और क्षेत्र के कार्यों के बजाय अन्य प्रदेशों में कार्य करवाने में लगे हैं। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखकर समाधान कराया जाएगा।

# कांग्रेस ने किया नव निर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रुड़की के कैंप कार्यालय पर यूथ कांग्रेस के नव - निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समारोह में पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने युवाओं को पार्टी का भविष्य बताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस रुड़की महानगर के अध्यक्ष ओवेश अंसारी, जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण आशीष चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रुड़की उज्जवल पंडित, शौर्य प्रताप, विधानसभा अध्यक्ष कलियर मुंतजिर, दानिश मुखिया झबरेडा, अनस नगर अध्यक्ष झबरेडा, सैफ अली भगवानपुर जिला महामंत्री, परवेज आलम, हार्दिक त्यागी व नगर अध्यक्ष शोएब मलिक का स्वागत किया गया, इसके साथ ही उनकी कार्यकारिणी का भी माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस दौरान राजेंद्र चौधरी ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य युवा होते हैं और पार्टी में जब युवा जी तोड़ मेहनत करते हैं, तो पार्टी निखर कर सामने आती है और उसकी छवि अलग नजर आती है। उन्होंने युवाओं को कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए कहा। सचिन गुप्ता ने कहा कि यूथ कांग्रेस के चुनाव में हुए कंपटीशन में जिन युवाओं ने बाजी मारी, वह वास्तव में मेहनत और



कर्मठ व्यक्तित्व के युवा है, क्योंकि उन्होंने बेहद ही कठिन परिस्थितियों में इस जीत को अपने पाले में लाने का काम किया। काजी सादात मसूद ने कहा कि "जिस और जवानी चलती है, उस और जमाना चलता है" के नारे के साथ युवाओं से पार्टी के लिए दिन रात खड़े रहकर काम करने तथा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। वहीं युवा पदाधिकारियों ने भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व,

# दुकानों में लगी भीषण आग, फायर टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की क्षेत्र में देर शाम एक स्पेयर पार्ट्स की दुकान में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना दिनांक 12 अप्रैल 2026 को रात 20:42 बजे की है, जब फायर स्टेशन रुड़की को आग लगने की सूचना प्राप्त हुई।

सूचना मिलते ही फायर यूनिट रुड़की तत्काल अग्निशमन अधिकारी श्री बंश नारायण यादव के नेतृत्व में घटनास्थल रस्तोगी स्पेयर पार्ट्स, निकट ठेड चौक, कोतवाली गंगनहर के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचते ही टीम ने मोटर फायर इंजन से होज पाइप बिछाकर पंपिंग शुरू की। आग की विकरालता को देखते हुए अतिरिक्त सहायता के रूप में फायर यूनिट मंगलौर, फायर स्टेशन मायापुर (हरिद्वार) तथा फायर स्टेशन भगवानपुर से भी फायर टेंडर मौके पर बुलाए गए। तीनों फायर यूनिट्स ने संयुक्त रूप से लगातार पानी और फोम का प्रयोग करते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूर्ण नियंत्रण पाया।

भारी नुकसान, पर बड़ा हादसा टला-इस अग्निकांड में स्पेयर पार्ट्स की दुकान में रखा समस्त सामानख्र स्पेयर पार्ट्स, विद्युत वायरिंग, फिटिंग, लकड़ी के रैक, कुर्सियां, मेज और काउंटरख्रपूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। आग और घने धुएं के कारण दुकान की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते आसपास की दुकानों को जलने से बचा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जांबाज फायर कर्मियों की सराहना-जहरीले धुएं से भरे वातावरण में फायर कर्मियों ने जान जोखिम में डालकर अद्भुत साहस और तत्परता का परिचय दिया। उनके तेज रिस्पांस और प्रभावी कार्रवाई की स्थानीय लोगों एवं मीडिया द्वारा खुलकर सराहना की गई।

दुकान स्वामी एवं प्रारंभिक कारण-दुकान स्वामी प्रमोद रस्तोगी (पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार रस्तोगी) घटना के समय मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल पर कोतवाली गंगनहर का पुलिस बल भी मौजूद रहा। अग्निशमन कार्य पूर्ण होने के पश्चात घटना की जानकारी कंट्रोल रूम रुड़की को दे दी गई है।

उत्तराखण्ड शासन


उत्तराखण्ड 25 गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

# देवभूमि उत्तराखण्ड

## आगमन पर प्रधानमंत्री

# श्री नरेन्द्र मोदी जी

## का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री




"माननीय प्रधानमंत्री जी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में राज्य में आधारभूत संरचना, कनेक्टिविटी, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हुई हैं। 'विकसित भारत @2047' के विजन को साकार करने में उत्तराखंड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संकल्पबद्ध है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## रूपये 11970 करोड़ की 210 किमी. लम्बी

# दिल्ली- देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

## परियोजना का लोकार्पण प्रधानमंत्री

# श्री नरेन्द्र मोदी जी

## के कर कमलों द्वारा

### गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि) राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**नितिन गडकरी**
केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**अजय टम्टा**
केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री

**श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह**
सांसद

**आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।**

### कार्यक्रम

**दिनांक : 14 अप्रैल 2026**

**समय : प्रातः 10:00 बजे**

**स्थान:**
**जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड, गढ़ी कैंट देहरादून, उत्तराखण्ड**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नहीं थम रहीं धमकियां

अभी शांति वार्ता को जोकि रविवार को इस्लामाबाद में समाप्त हुई, एक दिन भी नहीं गुजरा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बंदरगाहों के नाकेबंदी की बात कर डाली। जिसके चलते ईरान का निर्यात विशेष रूप से तेल बाहर नहीं जा सकेगा। जाहिर है अमेरिका अपने इस फैसले से ईरान को आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहता है। ट्रम्प तो यह भी कह रहे हैं कि उनके इस फैसले में उनके सहयोगी भी साथ हैं। हालांकि फ्रांस, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया ने ट्रम्प के इस बयान के बाद साफ कर दिया कि वह ट्रम्प की इस योजना का हिस्सा नहीं बनने जा रहे हैं और ईरान की नाकेबंदी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यूं भी नाटो देशों ने ईरान के साथ संघर्ष में अब तक दूरी बनाई हुई है और ब्रिटेन और फ्रांस के नेता तो बराबर ईरान के नेताओं के टच में भी हैं। जाहिर है ट्रम्प की इस नई पहल से खाड़ी में फिर से तनाव बढ़ गया है और जो ट्रम्प की तरफ से ही दो हफ्ते का सीजफायर हुआ था, वह भी खतरे में पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसा लगता है कि ट्रम्प व नेतन्याहू को दुनिया की कोई चिंता नहीं रह गई है। इस युद्ध से लोगों को हो रहे नुकसान से उनका कोई लेना-देना नहीं है। भले ही वह बयान कुछ भी देते रहे हों और लोगों की चिंता की बात करते रहें। होना तो यह चाहिए था कि इस्लामाबाद में शांति वार्ता विफल होने के बाद फिर से नए सिरे से बातचीत की कोशिश होनी चाहिए थी। अभी कोई बहुत ज्यादा समय नहीं गुजरा है। पहले से ही काफी नुकसान हो चुका है और बहुत नुकसान को बचाया जा सकता है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब संघर्षरत लोगों को सद्बुद्धि आएगी, जोकि दुर्भाग्य से आती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान ने भी साफ कर दिया है कि यदि अमेरिका की तरफ से कोई भड़काऊ कार्रवाई होती है तो वह चुप नहीं रहेगा और जवाबी कार्रवाई में देर नहीं लगाएगा। ईरान की संसद के स्पीकर कालिबफ ने अमेरिका को चेताया है कि वह ईरान की नाकेबंदी करने का प्रयास न करें। सवाल तो यह भी है कि जहां अमेरिका यह दावा कर रहा है कि होर्मुज को बंद करने से दुनिया को काफी नुकसान हो रहा है और ईरान को ऐसा नहीं करना चाहिए, तो अब सवाल उठता है कि खुद अमेरिका इस संबंध में क्या कर रहा है। वह भी नाकेबंदी करके दुनिया को संकट में डाल रहा है। ईरान और अमेरिका दोनों को ही समझना होगा, भले ही संघर्ष उनके बीच हो, लेकिन इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर सीधे पड़ रहा है। इस समय यह भी देखना बेहद डरावना लग रहा है कि जहां 40 दिन के युद्ध के बाद दोनों पक्षों के रुख में कुछ नर्मी आनी चाहिए थी, वहीं और उग्रता दिखाई दे रही है और अब तो रूस और चीन की एंट्री भी इसमें होती दिखाई दे रही है, क्योंकि ट्रम्प ने चीन को सीधे चेतावनी दे डाली है कि अगर वह ईरान को हथियार देता है, तो उस पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा और अन्य विकल्पों पर भी विचार करने की बात वह कर रहे हैं। चीन ने यह कहकर पलटवार किया है कि होर्मुज तो पहले से ही खुला हुआ था, अमेरिका ने बिना वजह हमला करके इसे बंद कराया है। अभी भी समय है कि परिस्थितियों को और बिगड़ने से बचाया जाए।

## अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही



मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है, संसद के विशेष सत्र में जिस तरह परिसीमन का मुद्दा सामने आ रहा है, वह लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है, सरकार जल्दबाजी में इस विषय को आगे बढ़ा रही है, जिसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने की मंशा हो सकती है, विपक्ष से समर्थन, तो मांगा जा रहा है, लेकिन इस अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही, विपक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक की मांग को लगातार नजरअंदाज किया गया है, 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है, हालांकि, इसके क्रियान्वयन के लिए जनगणना और परिसीमन जरूरी है। **-सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**


# आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज

भारत की महिलाएं सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेई ने बड़े-बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गईं। फिर भी, स्वतंत्र भारत जो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14।4 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से मेहमान बनकर ही रह गईं।

हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। संरक्षणात्मक भेदभाव के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही है 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएं हैं। जिन जगहों पर महिलाएं शासन करती हैं, वहां पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ-सफाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियां स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार-बार निष्प्रभावी होते रहे।

**वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया**

वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्एक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बतायारू ष्यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्एक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और



सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप-कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का यह पहला अधिनियम होना अपने आप में एक घोषणा थीरू अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी। इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैंकृए वही क्षेत्र हैं, जहां भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक-तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।

**गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा**

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनीतिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म-सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था। पीएम उज्ज्वला योजना के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। श्मुद्राश योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलनरू प्रत्एक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुजारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**

भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं।

**आर. विमला, आईएएस**
**( लेखिका महाराष्ट्र सरकार में रेजिडेंट कमिश्नर एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं और आईआईटी बॉम्बे से पीएचडी कर रही हैं )**

**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**

भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 तक एक विकसित भारत का दृष्टिकोण इस दृढ़ विश्वास पर आधारित है कि कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी क्षमता तक तब तक नहीं पहुंच सकता, जब तक उसके आधे नागरिक उन जगहों से बाहर रहें जहां सत्ता का संचालन होता है। जैसा कि उन्होंने हमेशा कहा है भारत तभी एक विकसित राष्ट्र बनेगा जब इसकी महिलाएं न केवल अपने घरों में, बल्कि अपनी संसद में भी पूरी तरह सशक्त होंगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय महिलाओं के लिए कुछ नया सृजन नहीं करता है।

# आंबेडकर को मात्र प्रतीक मत बनाइए

**दरअसल यह दलितों को उठाने की नहीं बल्कि गिराने की एक कुटिल चाल है। जो दलित सत्ता के पिछलग्गू बन राजनेताओं की इस चाल का हिस्सा बन जाते हैं उनका स्वाभिमान अभिमान में बदल जाता है और दूसरे दलितों के प्रति उनका व्यवहार भी शोषणकारी हो जाता है। जबकि आम दलित का स्वाभिमान अपने पुराने स्तर से भी नीचे गिर जाता है। इन नारों एवं अभियानों मे एक आम दलित के हाथ कुछ नहीं लगता। आंबेडकर ने दलितों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए शुरू में मात्र दस वर्षों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी।**



**रोहित कौशिक**

इस दौर में सभी राजनीतिक दल आंबेडकर पर अपना अधिकार जताने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि सभी राजनीतिक दल महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात् न करके उन्हें मात्र प्रतीक के तौर पर इस्तेमाल कर वोट बैंक की राजनीति करने लगते हैं। विडम्बना यह है कि इस दौर में जिस तरह से प्रतीकों की राजनीति हो रही है, उसने महापुरुषों को मात्र मूर्तियों तक ही सीमित कर दिया है। इस नए माहौल में न ही तो राजनीतिक दलों को महापुरुषों के आदर्शों की चिंता है और न ही इन दलों के पीछे चलने वाली भीड़ में महापुरुषों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की हिम्मत है। विडम्बना तो यह है कि जिस दलित वर्ग के उत्थान के लिए आंबेडकर ने अपना सारा जीवन लगा दिया, वह दलित वर्ग भी केवल आंबेडकर की पूजा तक ही सीमित रह गया। न तो दलित नेताओं ने आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर दलितों में वैज्ञानिक चेतना पैदा करने की कोशिश की और न ही स्वयं दलित वर्ग आंबेडकर की मूल चेतना को पकड़ पाया। यही कारण है कि वह धर्म की रूढ़ियों मे फंसकर रह गया। दरअसल डॉ. आंबेडकर ने इस सत्य को बहुत पहले ही समझ लिया था कि जब तक दलित वर्ग अपनी शक्ति को पहचान कर सत्ता का भागीदार नहीं बनेगा, उसकी उपेक्षा होती रहेगी। यही कारण था कि उन्होंने दलितों के आरक्षण की वकालत की। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस दौर में सत्ता का भागीदार बने दलित नेताओं को वास्तव में आंबेडकर के विचारों एवं आदर्शों की चिंता है? आज हर राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल कर रहा है। यही कारण है कि आज भी आम दलित को शोषण का शिकार बनाया जा रहा है। यह विड्म्बना ही है कि आज राजनीतिक दल आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल अपने उत्थान के लिए कर रहे हैं, न कि दलितोत्थान के लिए। सवाल यह है कि आजादी के बाद राजनेताओं ने आंबेडकर-आंबेडकर चिल्लाने और आंबेडकर के नाम पर विभिन्न परियोजनाओं का नामकरण करने के अलावा किया ही क्या है? क्या आजादी के बाद हमारे राजनेता आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर पाएं हैं? क्या केवल आंबेडकर के नाम पर पार्क बना देने, उनकी मूर्तियां स्थापित कर देने और उनके विचारों को विचार-गोष्ठियों में दोहरा देने मात्र से ही हम इस दौर में आंबेडकर को प्रासंगिक बना सकते हैं? शायद नहीं। बड़ी-बड़ी रैलियां आयोजित कर पानी की तरह पैसा बहा देना आंबेडकर का सपना नहीं था। करोड़ों रुपए का हार पहनकर भव्य पंडाल में दलितों और अपने अनुयायियों लिए महाभोज आयोजित करना भी बाबा साहब की प्राथमिकताओं में नहीं था। क्या ऐसे आयोजनों से वास्तव में दलितों का स्वाभिमान जाग सकता है? शायद स्वादिष्ट भोज का आनंद लेते हुए कुछ समय के लिए उनका स्वाभिमान जाग जाए लेकिन गांव में बैठे हुए उस दलित के स्वाभिमान का क्या होगा जिसे एक जून की रोटी भी नसीब नहीं है। हमारे राजनेता कुछ हजार या लाख लोगों को भव्य भोज देने की अपेक्षा गांव के आखिरी आदमी को दो जून की रोटी देने के बारे में कब सोचेंगे ? आंबेडकर ने दलितों के जिस स्वाभिमान की बात की थी वह वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित नहीं था। इस दौर में सबसे दुखद यही है कि वोट बैंक की राजनीति के तहत दलितों के स्वाभिमान को जगाने की बात हो रही है।

आज के राजनेता जब दलितों के साथ खाना खाते हैं और दलितों के घर में ही रात गुजारते हैं तो दलितों का स्वाभिमान जागने लगता है। लेकिन जैसे ही राजनेता अपने महलों में वापस लौटते हैं, दलितों की जिंदगी पुराने ढर्रे पर लौटने लगती है। अनेक आश्वासनों के बाद जब दोबारा दलितों को पुरानी समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है तो उन्हें स्वयं महसूस होने लगता है कि यह वोट बैंक का छलावा है। राजनेताओं द्वारा दलितों का स्वाभिमान जगाने की इस खोखली प्रक्रिया से दलित अपना पुराना स्वाभिमान भी खो देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जनसेवा की नई मिसाल देता नेपाल का युवा मंत्रिमंडल



**विनीत नारायण**

नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया जब 27 मार्च 2026 को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेतृत्व में बालेन शाह बलेंद्र शाह ने 36 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और 15 सदस्ईय कैबिनेट का गठन किया। यह मंत्रिमंडल न सिर्फ नेपाल का सबसे युवा कैबिनेट है, बल्कि दक्षिण एशिया में अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता के लिए वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बन रहा है। इस मंत्रिमंडल के सदस्यों की औसत आयु मात्र 38.21 वर्ष है, दस मंत्री 40 वर्ष से कम उम्र के, पांच महिला मंत्री और 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के पास स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट की डिग्री। यह आंकड़े नेपाल की राजनीति के पारंपरिक चेहरे को पूरी तरह बदल रहे हैं।

यह कैबिनेट जेन-जी आंदोलन के परिणामस्वरूप सत्ता में आई है। भ्रष्टाचार, पुरानी पार्टियों की नाकामी और युवाओं की मांगों को लेकर हुए आंदोलन ने आरएसपी को भारी बहुमत दिलाया। अब यह युवा टीम न सिर्फ नेपाल में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में दुनिया का सबसे युवा कैबिनेट और सबसे शिक्षित मंत्रिमंडल के रूप में प्रसिद्ध हो रही है। कई भारतीय अखबारों ने इसे जनरेशनल शिफ्ट करार दिया है। विश्व स्तर पर इसकी सराहना हो रही है, क्योंकि यह पारंपरिक राजनीति से हटकर योग्यता, तकनीकी विशेषज्ञता और समावेशिता पर आधारित है। यह दक्षिण एशिया का चमकता उदाहरण है, जहां भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के कैबिनेट अक्सर वरिष्ठ नेताओं पर निर्भर रहते हैं।

इस कैबिनेट की सबसे बड़ी ताकत इसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। प्रधानमंत्री बालेन शाह स्वयं सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक पूर्वांचल विश्वविद्यालय और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एम.टेक (निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु, भारत) हैं। वे काठमांडू के पूर्व मेयर और लोकप्रिय रैपर भी हैं। उनकी टीम में दो डॉक्टरेट धारक और दस स्नातकोत्तर सदस्य हैं। वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वाग्ले (41 वर्ष, कैबिनेट के सबसे वरिष्ठ) अर्थशास्त्र में पीएचडी (ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी), हार्वर्ड से एमपीए/आईडी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक हैं। वे पूर्व में यूएनडीपी के एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक सलाहकार और नेपाल की राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी विशेषज्ञता आर्थिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और सतत विकास में है। विदेश मंत्री शिशिर खनाल (47 वर्ष) अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मैडिसन से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स और यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिजपोर्ट से पॉलिटिकल इकोनॉमी में स्नातक हैं। वे टीच फॉर नेपाल के सह-संस्थापक हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुधार का प्रमुख अभियान है।

शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा एवं खेल मंत्री सस्मित पोखरेल (29 वर्ष) कैबिनेट के सबसे युवा सदस्य हैं। वे काठमांडू विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट एवं कानून में स्नातक हैं और पॉलिसी, गवर्नेंस एवं भ्रष्टाचार-निरोध पर मास्टर्स कर रहे हैं। वे बालेन के मेयर काल में शहरी नियोजन सलाहकार रह चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता (38 वर्ष) भारत के ग्वालियर से नर्सिंग में मास्टर्स और दिल्ली के एम्स से प्रशिक्षित हैं। सामान्य प्रशासन मंत्री प्रतिभा रावल (32 वर्ष) एशियन कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म (चेन्नई) से पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा रखती हैं। श्रम मंत्री दीपक कुमार साह (34 वर्ष) लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन से पीएचडी स्कॉलर, एलएसई से हेल्थ पॉलिसी में मास्टर्स और आईओएम से पब्लिक हेल्थ में मास्टर्स रखते हैं।

महिला, बाल-बालिका एवं ज्एष्ठ नागरिक मंत्री सीता बादी (30 वर्ष) राजनीति विज्ञान में मास्टर्स हैं और बादी समुदाय की प्रतिनिधि के रूप में समावेशिता का प्रतीक हैं। कानून मंत्री सोबिता गौतम (30 वर्ष) राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय से बीए एलएलबी हैं और संसदीय समितियों में सक्रिय रहीं हैं। भौतिक पूर्वाधार मंत्री सुनील लाम्सल (35 वर्ष) भी भारत से एमटेक (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) हैं।

गौरतलब है कि यह योग्यताएं महज डिग्रियां नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव से जुड़ी हैं। यूएनडीपी, टीच फॉर नेपाल, आपदा राहत संगठन श्हामी नेपालश और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में इन सभी की अहम भूमिका रही है। पांच महिला मंत्रियों का प्रतिनिधित्व और अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी जैसे सीता बादी समावेशिता को मजबूत करती है। देखा जाए तो नेपाल का यह कैबिनेट अपने पड़ोसियों से अलग दिखता है। भारत के वर्तमान केंद्रीय मंत्रिमंडल में 71 सदस्य है, जिसमें 57 सदस्य स्नातक या उससे ऊपर हैं, लेकिन 11 सदस्य मात्र 12वीं पास हैं। कई मंत्री राजनीतिक अनुभव पर निर्भर हैं, जबकि युवा चेहरे कम हैं। वहीं चीन का मंत्रिमंडल अत्यधिक शिक्षित तकनीकी विशेषज्ञों इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र से भरा है, लेकिन उनकी औसत आयु 55-60 वर्ष के आसपास है और निर्णय प्रक्रिया केंद्रीकृत पार्टी संरचना पर आधारित है। बांग्लादेश के हालिया कैबिनेट में 46/50 सदस्य उच्च शिक्षा वाले हैं तीन पीएचडी, लेकिन वहां भी वरिष्ठता और राजनीतिक वफादारी प्रमुख है।

नेपाल का कैबिनेट इन सभी से युवा, अधिक समावेशी और योग्यता-आधारित है। भारत और चीन की तुलना में यहां भ्रष्टाचार-विरोधी (डिलीवरी बेस्ड गवर्नेंस) पर जोर है, जो पड़ोसियों में अक्सर कम देखा जाता है। हालांकि,कुछ विश्लेषक चेताते हैं कि इस मंत्रिमंडल के पास अनुभव की कमी एक चुनौती है। भारत की तरह बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था या चीन की तरह दीर्घकालिक नियोजन यहां अभी संभव नहीं, लेकिन पारदर्शिता और तेज निर्णय लेने की क्षमता नेपाल को लाभ दे सकती है। केवल दो सप्ताह पुरानी यह सरकार पहले ही 100 सूत्री शासन सुधार एजेंडा लागू कर चुकी है। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्रालयों का पुनर्गठन, दक्षिण एशिया संघर्ष के प्रभाव से नेपाली प्रवासियों की सुरक्षा, 'कार्की आयोग' रिपोर्ट पर कार्रवाई और संविधान संशोधन पर चर्चा पत्र तैयार करने जैसे कदम उठाए गए। शिक्षा मंत्री सस्मित पोखरेल ने पार्टी-आधारित छात्र संगठनों को समाप्त करने और स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता ने निजी अस्पतालों में 10 प्रतिशत मुफ्त बेड सुनिश्चित करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले आर्थिक स्थिरता, पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान दे रहे हैं। श्रम और स्वास्थ्य मंत्रियों की स्वास्थ्य नीति विशेषज्ञता गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन में मदद करेगी। विदेश मंत्री शिशिर खनाल की पॉलिसी विशेषज्ञता नेपाल की कूटनीति को मजबूत करेगी।युवा बेरोजगारी घटाने, शिक्षा गुणवत्ता सुधारने, स्वास्थ्य पहुंच बढ़ाने और भ्रष्टाचार रोकने के प्रयास पहले ही दिख रहे हैं। दैनिक प्रगति निगरानी प्रणाली लागू कर सरकार जवाबदेही सुनिश्चित कर रही है। हालांकि, चुनौतियां यहां भी हैं, जैसे कि पहाड़ी इलाकों में पहुंच, संसाधन सीमाएं और पुरानी पार्टियों का विरोध। फिर भी, यह कैबिनेट जनता की उम्मीदें पूरी करने की राह पर है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो नेपाल का यह 'जेन-जी' कैबिनेट न सिर्फ दक्षिण एशिया के लिए मिसाल है, बल्कि विकासशील देशों को सिखाता है कि योग्यता और युवा ऊर्जा राजनीति को बदल सकती है। यदि यह टीम अपने100 सूत्री एजेंडा को ईमानदारी से लागू कर पाई, तो नेपाल आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और सुशासन का नया मॉडल बन सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन होर्मुज की नाकाबंदी में शामिल नहीं होगा

## ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने कहा: ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी कार्रवाई को समर्थन नहीं देंगे

**लंदन/अंकारा/कैनबरा।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उनका देश ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी नौसैनिक नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिटेन को ईरान के साथ युद्ध में नहीं घसीटा जाएगा। स्टार्मर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को नौवहन के लिए पूरी तरह खुला रखना उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि इसके बंद होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो रहे हैं और लोगों के लिए बिजली-गैस के बिल बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह हमारा युद्ध नहीं है और हम इसमें नहीं फंसेंगे। इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी कहा कि उन्हें अमेरिका से नाकेबंदी में शामिल होने का कोई अनुरोध नहीं मिला है और वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के सम्मान के पक्ष में हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने कहा है कि अमेरिका ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए कोई अनुरोध नहीं किया है और यह घोषणा एकतरफा तरीके से की गई है। उन्होंने कहा हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए खुला रहना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। अल्बानीज़ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया वैश्विक ईंधन आपूर्ति बनाए रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्रीय तनाव के समाधान के लिए वार्ता फिर से शुरू होनी चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने घोषणा की है कि वह ईरानी बंदरगाहों में आने-जाने वाले समुद्री यातायात की नाकेबंदी शुरू करेगा। अल्बानीज़ ने कहा कि हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो। हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं।

हम चाहते हैं कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी के लिए खुला रहे। हम यह भी चाहते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता बनी रहे।ष ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री 14 से 17 अप्रैल के बीच ब्रुनेई और मलेशिया की यात्रा करेंगे, जहां ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर चर्चा होगी। यह यात्रा ऊर्जा, उर्वरक और अन्य ज़रूरी सामानों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सहयोग करने के ऑस्ट्रेलिया के चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। अल्बानीज़ ब्रुनेई में सुल्तान हाजी हसनल बोल्कियाह से मिलकर ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और ज़रूरी चीज़ों के व्यापार पर चर्चा करेंगे। ब्रुनेई ऑस्ट्रेलिया के डीज़ल आयात का नौ प्रतिशत और फर्टिलाइज़र-ग्रेड यूरिया का 11 प्रतिशत हिस्सा देता है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ब्रुनेई को खाद्य और कृषि उत्पादों का एक अहम सप्लायर बना हुआ है। वह मलेशिया में ईंधन की आपूर्ति और अन्य ज़रूरी सामानों पर चर्चा करने के लिए दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम से मुलाक़ात करेंगे। मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया के लिए रिफाइंड ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है और उर्वरक-ग्रेड यूरिया के आयात का 10 प्रतिशत हिस्सा यहीं से आता है। विदेश मंत्री, सीनेटर पेनी वोंग, इन यात्राओं के दौरान अल्बानीज़ के साथ रहेंगी। इस बीच, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ़ ने नाकेबंदी की चेतावनी को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिकी जल्द ही मौजूदा ईंधन कीमतों को याद करेंगे।



■ अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए अनुरोध नहीं किया: आस्ट्रेलिया

■ हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं: अल्बानीज

### रणनीतिक जल क्षेत्र या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ, तो क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने अमेरिकी नाकेबंदी को 'समुद्री डकैती' करार देते हुए कहा कि ए रणनीतिक जल क्षेत्र 'या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं।' इस बीच, तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने उम्मीद जताई कि होर्मुज जलडमरूमध्य का मुद्दा निकट भविष्य में कूटनीतिक रास्तों से सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि इसके विनियमन (रेगुलेशन) में कुछ बदलाव संभव हैं। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए मौजूदा युद्धविराम को 45 से 60 दिनों के लिए बढ़ाने का सुझाव भी दिया।

### जापान ने होर्मुज में माइनस्वीपर तैनाती का फैसला टाला

**टोक्यो।** समुद्र के नीचे बिछे बारूद को साफ कराने के लिए तत्पर दिख रही जापान सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जापान ने माइनस्वीपर भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी मिनोरू किहारा ने कहा कि जापान ने अभी तक होर्मुज स्ट्रेट में माइन-स्वीपिंग अभियान के लिए अपने समुद्री आत्मरक्षा बल (मेरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स, यानी जेएमएसडीएफ) को तैनात करने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। हालात पर नजर बनाए हुएं है और आगे का फैसला स्थिति के अनुसार लिया जाएगा। किहारा ने मीडिया को बताया कि जापान दोनों पक्षों के बीच एक पूरी समझ की दिशा में आगे बढ़ने की अपील कर रहा है।

# रूस ले जाएगा ईरान का यूरेनियम!

**मास्को।** ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव काफी बढ़ गया है। इस बीच रूस ने भविष्य में होने वाली शांति वार्ता के लिए एक नया प्रस्ताव पेश किया है। क्रेमलिन ने सोमवार को जानकारी दी कि रूस अमेरिका के साथ किसी भी संभावित शांति समझौते के तहत ईरान का संवर्धित यूरेनियम (**enriched uranium**) अपने पास रखने के लिए तैयार है।

बता दें कि ईरान और अमेरिका के बीच पिछले हफ्ते हुई बातचीत नाकाम रही। इससे युद्ध को तुरंत खत्म करने की उम्मीदें टूट गई हैं। फरवरी के आखिर में शुरू हुए इस युद्ध में अब तक हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस संघर्ष की वजह से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था भी संकट में है। रूस के पास दुनिया में परमाणु हथियारों का सबसे बड़ा भंडार है। उसने शांति समझौते के लिए कई बार ईरान का यूरेनियम अपने यहां रखने की पेशकश की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने यह प्रस्ताव अमेरिका और क्षेत्र के अन्य देशों के सामने रखा था। उन्होंने साफ किया कि यह प्रस्ताव आज भी लागू है, लेकिन अब तक किसी ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया है। इसी बातचीत के दौरान क्रेमलिन ने डोनाल्ड ट्रम्प की उस धमकी की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी करने की बात कही थी। यह जलमार्ग व्यापार के लिए बहुत जरूरी है। फरवरी के आखिर में अमेरिका और इजरायल ने जब से ईरान पर हमले शुरू किए हैं, तब से यह रास्ता पूरी तरह ठप पड़ा है।



■ होर्मुज तनाव के बीच पुतिन का बड़ा दांव शांतिवार्ता के लिए पेश की ये योजना

## ईरान को नई शर्तों व प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा



■ सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद वार्ता की विफलता के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि 'बदलती शर्तों और प्रतिबंधों' को हमारे सामने रखा गया।

अराघची ने सोमवार को 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि वार्ता के दौरान सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया। अराघची ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि कोई सबक नहीं सीखा गया। सद्भावना से सद्भावना पैदा होती है और शत्रुता से शत्रुता। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि 47 वर्षों में उच्चतम स्तर की गंभीर वार्ता में, ईरान ने युद्ध को समाप्त करने के लिए नेक नीयत के साथ अमेरिका के साथ बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि लेकिन जब हम 'इस्लामाबाद सहमति पत्र' से केवल कुछ ही दूर थे, तो हमें बदलती शर्तों और प्रतिबंधों सामना करना पड़ा।

## ईरान में अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना: ट्रम्प ने पोप पर साधा निशाना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पोप लियो चौदहवें पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे धर्मगुरु की आवश्यकता नहीं है जो उनकी नीतियों का विरोध करते हों। पोप ने ईरान में अमेरिका के कदमों की आलोचना की है। विशेष रूप से, उन्होंने ईरानी लोगों के विरुद्ध अमेरिकी धमकियों को अस्वीकार्य बताया। अप्रैल की शुरुआत में अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने सैन्य कर्मियों के लिए प्रार्थना के आह्वान किया था, जिसके बाद पोप ने एक प्रवचन में कहा था कि प्रभुत्व जमाने की इच्छा ईसा मसीह के मार्ग के अनुरूप नहीं है। अमेरिकी नेता ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे लगता हो कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है। मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला करना भयानक लगता हो।

# हिजबुल्लाह लेबनान-इजरायल के बीच वार्ता का विरोधी

## लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं: कीमती

**बेरुत।** हिजबुल्ला की राजनीतिक परिषद के उपाध्यक्ष महमूद कोमती ने कहा कि हिजबुल्लाह लेबनान और इजरायल के बीच सीधी बातचीत का विरोध करता है और उसे इनसे किसी सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी 'स्पुतनिक' से कहा कि लेबनान में संघर्षविराम ईरान की वजह से हुआ है।

हमें लेबनान के संबंध में वार्ता से सकारात्मक परिणामों की उम्मीद नहीं है। हम लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं और इसे बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करते हैं। हिजबुल्लाह के नेतृत्व के अनुसार, ईरान के कड़े रुख ने ही अमेरिका और इजरायल को लेबनान में संघर्षविराम वार्ता के लिए सहमत होने पर मजबूर किया। इस बीच, अमेरिका और इजरायल की स्थिति को इस तरह पेश करने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि वे इन वार्ताओं के सूत्रधार हों। कोमती ने बताया कि इस दिशा में दबाव इस तथ्य से उपजा है कि इजरायल न तो लेबनान और न ही लेबनानी देश को मान्यता देता है और अचानक आज, इजरायल लेबनान के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गया। यह ईरान की बदौलत हुआ है, जो ईरान की इजरायल और अमेरिका पर जीत का परिणाम है। इसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनानी राज्य में अधिकार बहाल करने के लिए प्रेरित किया ताकि लेबनान में संघर्षविराम ईरानी प्रयासों का परिणाम न लगे। सऊदी प्रसारक 'अल हदथ' ने एक आधिकारिक लेबनानी स्रोत के हवाले से खबर दी है कि लेबनान-इजरायल वार्ता मंगलवार को होगी। अमेरिका ने लेबनान को गारंटी दी है कि बातचीत शुरू होने से पहले इजरायल बेरुत पर बमबारी नहीं करेगा। महमूद कोमती ने यह भी कहा कि लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है और देश को अराजकता में धकेल सकता है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक को बताया कि इजरायल के खिलाफ लड़ाई में समूह का समर्थन करने वाली जनता के दबाव से सरकार भी बदल सकती है। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतघ्स्फूर्त विरोध प्रदर्शन देख रहे हैं जो जनमत को व्यक्त करते हैं। हम हर स्थिति के लिए तैयार हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार अपनी नीतियों और अपने रुख के कारण खुद को एक गंभीर मुश्किल में धकेल देगी, जिससे उसका पतन हो जाएगा। जब कोमती से पूछा गया कि क्या जनता का आक्रोश लेबनान में सरकार बदलने के उद्देश्य से व्यापक विरोध प्रदर्शनों का रूप ले सकता है, तो उन्होंने उल्लेख किया कि 'सभी विकल्प संभव हैं।' प्रवक्ता के अनुसार, समस्या यह है कि सरकार हिजबुल्ला और प्रतिरोध का सम्मान नहीं कर रही है।



■ कहा: लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है

## हिज्बुल्लाह को मध्य पूर्व संघर्ष के समाधान में रूस की भूमिका की है उम्मीद

**बेरुत।** हिज्बुल्लाह के राजनीतिक परिषद के उप प्रमुख महमूद कोमाती ने बताया कि हिज्बुल्लाह को उम्मीद है कि रूस, जिसके ईरान सहित मध्य पूर्वी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, इस क्षेत्र में संघर्ष के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कोमाती ने कहा कि आज, रूस, ईरान के साथ अपने संबंधों और क्षेत्रीय स्तर पर कई अरब देशों और लेबनान के साथ अपने निष्ठापूर्ण संबंधों के कारण, एक भूमिका निभा सकता है और हम इसकी उम्मीद करते हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से, संयुक्त राज्य अमेरिका रूस की किसी भी भूमिका में बाधाएं और रुकावटें पैदा कर रहा है। इस बीच, आज अमेरिका और विशेष रूप से (राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रम्प, ईरान को प्रभावित करने और युद्धविराम हासिल करने के लिए रूस की ओर रुख कर रहे हैं।




मिर्जापुर। दिवंगत दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

## अमेरिका में यू वीजा के लिए धोखाधड़ी के आरोप में 10 भारतीय नागरिक दोषी

**बोस्टन।** अमेरिका के बोस्टन में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने 10 भारतीय नागरिकों को सुविधा स्टोरों में फर्जी सशस्त्र डकैती के मामले में दोषी ठहराया है। इन डकैतियों का मकसद स्टोर क्लर्कों को आव्रजन आवेदनों में पीड़ित के रूप में फर्जी दावा करने की अनुमति दिलाना था। आरोपियों पर मार्च 2026 में आरोप लगाए गए थे। अभियोग पत्र में प्रत्येक प्रतिवादी पर वीजा धोखाधड़ी करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है जिसके लिए अधिकतम पांच साल की जेल, तीन साल की निगरानी में रिहाई और 250000 डॉलर का जुर्माना हो सकता है। मैसाचुसेट्स स्थित अटॉर्नी कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, सजा पूरी होने के बाद सभी को देश से निकाला जा सकता है।

## सुरक्षा परिषद में रूस व चीन के प्रस्ताव पर जमीनी स्थिति के अनुसार चर्चा होगी: रूस

**मास्को।** पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए रूस और चीन की ओर से प्रस्तावित संकल्प पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में मतदान की तारीख वहां की जमीनी स्थिति के आधार पर तय की जाएगी। रूस के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले, रूस और चीन ने प्रस्ताव दिया था कि सुरक्षा परिषद पश्चिमी एशिया की वर्तमान स्थिति पर एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव पर विचार करे, जिसमें समुद्री सुरक्षा के पहलुओं को भी शामिल किया जाए। रूस के विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठन विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पूतनिक से कहा कि बैठक में हमने अपने चीन के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने के पक्ष में एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव की घोषणा की है। इस पर मतदान की तिथि जमीनी हालात को देखते हुए निर्धारित की जाएगी।

# रूस ने की ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की आलोचना

## पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

**मॉस्को।** रूस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे वैश्विक बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को प्रभावित करती रहेगी और इसके आर्थिक परिणाम दीर्घकालिक हो सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। पेस्कोव ने बताया कि ईरान के यूरेनियम को अपने पास रखने के रूस के प्रस्ताव अब भी जारी हैं और मॉस्को इस दिशा में सहयोग के लिए तैयार है। इसके अलावा, मीडिया रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि रूस, ईरान को अमेरिकी सेना की तैनाती से जुड़ी खुफिया जानकारी देने के साथ-साथ यूक्रेन में अपने संघर्ष से हासिल की गई ड्रोन से जुड़ी उन्नत रणनीतियां भी साझा कर रहा है। इन दावों की आधिकारिक तौर पर अभी तक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ये दावे पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सामने आए हैं। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्षेत्रीय नेताओं से बातचीत कर कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं पर जोर दिया है। राष्ट्रपति के सहयोगी निकोलाई पत्रुशेव ने नाटो पर 'सी शील्ड 2026' अभ्यास के जरिए काला सागर क्षेत्र में सैन्य ढांचे का विस्तार करने का आरोप लगाया है। पत्रुशेव ने कहा कि रूस का मुकाबला करने के उद्देश्य से किए जा रहे इन युद्धाभ्यासों के लिए रोमानिया को मुख्य आधार के तौर पर चुना गया है जो नाटो की क्षेत्रीय स्थिति को लेकर रूस की बढ़ती चिंता का संकेत है। पुतिन ने मॉस्को में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बातचीत के दौरान, विश्वास व्यक्त किया कि हालिया उतार-चढ़ावों के बावजूद दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को स्थिर करने और उसका विस्तार करने में सक्षम होंगे। वहीं, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बैठक में पुतिन ने ऊर्जा, अंतरिक्ष, कृषि और फार्मा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही।




■ पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

# पाकिस्तान को 46500 करोड़ की मदद देंगे सऊदी-कतर

## इससे यूएई का 29000 करोड़ कर्ज चुकाएगा, पैसे लौटाने के लिए सिर्फ 11 दिन बाकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को सऊदी अरब और कतर से 5 अरब डालर (लगभग 46500 करोड़ रुपये) की वित्तीय मदद मिलेगी। यह मदद ऐसे समय में आ रही है, जब देश को इस महीने के अंत तक यूएई को 3.5 अरब डालर (लगभग 29000 करोड़ रुपये) चुकाने हैं। डान की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है।

यूएई ने हाल ही में कर्ज रोलओवर की नीति में बदलाव किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने अप्रैल तक यूएई का 3.5 अरब डालर का कर्ज चुकाने का फैसला किया। तय शेडयूल के मुताबिक 23 अप्रैल तक पाकिस्तान को इस कर्ज की आखरी किस्त देनी है। इसका मतलब कर्ज चुकाने के लिए सिर्फ 11 दिन का समय बाकी है। इसके अलावा, अप्रैल में पाकिस्तान को कुल करीब 4.8 अरब डालर चुकाने हैं, जिसमें एक बड़ा बान्ड भी शामिल है। आईएमएफ ने पाकिस्तान की खराब आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए 3 साल का प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत उसे करीब 7 अरब डालर की मदद मिलेगी। इसके बदले आईएमएफ ने शर्त रखी है कि पाकिस्तान के बड़े कर्जदाता सऊदी अरब, चीन और यूएई अपने कर्ज के पैसे 3 साल तक तक पाकिस्तान में ही रखेंगे, यानी वे पैसा वापस नहीं निकालेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आगे चलकर कतर, यूएई की जगह ले सकता है। यूएई ने हाल में कर्ज रोलओवर की नीति बदलकर शार्ट-टर्म एक्सटेंशन शुरू कर दिया है, जिससे पाकिस्तान पर जल्दी भुगतान का दबाव बढ़ा। इसके बाद पाकिस्तान ने यूएई का 3.5 अरब डालर यानी करीब 29,000 करोड़ रुपये का कर्ज 11, 17 और 23 अप्रैल को अलग-अलग किस्तों में लौटाने का फैसला लिया। ये फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा पहले ही दूसरे देशों की मदद पर टिका है। कर्ज पाकिस्तान को अलग-अलग समय पर मिला था। यूएई ने 2018 में 2 अरब डालर का लोन दिया था, जिसे बार-बार बढ़ाया गया। 2023 में 1 अरब डालर और दिया गया था, ताकि पाकिस्तान आईएमएफ की शर्तें पूरी कर सके। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच साझेदारी काफी समय से चल रही है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री औरंगजेब ने इस्लामाबाद में सऊदी के वित्त मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल-जादान से मुलाकात की थी।



■ पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है

## ट्रम्प-पुतिन के समर्थन के बावजूद हंगरी में चुनाव हारे आर्बन

**बुडापेस्ट।** विक्टर आर्बन हंगरी का प्रधानमंत्री चुनाव हार गए हैं। वे 16 साल से सत्ता में थे। विपक्षी तिस्ज़ा पार्टी के पीटर मग्यार अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। मग्यार पहले आर्बन की पार्टी फिदेस से जुड़े थे, लेकिन पार्टी में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनसे अलग हो गए थे।

आर्बन दुनिया के गिने-चुने नेताओं में हैं, जिनकी करीबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से है। इस बार के चुनाव में करीब 80 प्रतिशत रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। नतीजों को बड़े राजनीतिक उलटफेर के रूप में देखा जा रहा है। इसका असर यूरोप और ग्लोबल राजनीति पर पड़ेगा। शुरुआती नतीजों में तिस्ज़ा पार्टी ने 199 में 138 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आर्बन की फिदेस पार्टी को सिर्फ 55 सीटें ही मिली हैं। तिस्ज़ा को करीब 53 प्रतिशत और फिदेस को करीब 37 प्रतिशत वोट मिले। इन चुनाव नतीजों के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में देर रात तक जश्न चलता रहा। डेन्यूब नदी किनारे हजारों लोग जुटे। कारों के हार्न, झंडे और नारेबाजी के बीच जश्न चलता रहा। कई जगह लोगों ने रूसियों घर जाओ जैसे नारे लगाए।

■ 16 साल बाद सत्ता से बाहर, पुराने साथी पीटर मग्यार भारी बहुमत से जीते

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108